पौष कृष्ण पक्ष-5, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 177 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

20 दिसंबर 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

27 अधिकतम

6 न्यूनतम



Page-7

# लावारिस कार में 40 करोड़ का सोना

## भोपाल में मेंडोरी के जंगल में पुलिस-आईटी की बड़ी कार्रवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में आयकर व लोकायुक्त छापों के बीच अब जांच एजेंसी को केरवा डेम के पास मेंडोरा के जंगल में लावारिस खड़े वाहन से करीब 52 किलो सोना मिला है। इसकी कीमत चालीस करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। इस गाड़ी पर ग्वालियर का रजिस्ट्रेशन नंबर है। इसके मालिक का नाम चेतन गौर बताया जा रहा है। अधिकारियों को अंदेशा है कि जिन रियल एस्टेट कारोबारियों पर आयकर विभाग ने दबिश दी है, उनका यह सोना हो सकता हैं। सोने को कार में लादकर प्रदेश से बाहर ले जाने की तैयारी थी। मेंडोरी में सोना जब्ती के दौरान आयकर अफसरों ने पूरी सावधानी बरती। रात 2 बजे 100 पुलिसकर्मियों और 30 गाड़ियों के पहुंचने के चलते सोना लदी गाड़ी निकल पाती, इसके पहले ही उसे पकड़ लिया गया। पुलिस व आईटी विभाग की इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है तथा पिछले दिनों हुई छापेमारी के बाद सारे तार इस घटनाक्रम से भी जुड़ता नजर आ रहे हैं। कल ही लोकायुक्त को रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के घर छापेमारी में करोड़ों रुपये कैश और भारी मात्रा में सोना-चांदी मिला था। गौरतलब है कि, लोकायुक्त की टीम को शर्मा के घर और ऑफिस में रेड के दौरान 1.15 करोड़ रुपये का कैश,ऑफिस से 1.70 करोड़ कैश व 50 लाख रुपये के जेवर मिले हैं। सौरभ शर्मा के पास चार लग्जरी गाड़ियां भी मिलीं.



**रसूखदारों पर पड़ी आईटी रेड के तार भी जुड़ रहे**

इनमें से एक गाड़ी में 80 लाख रुपये से ज्यादा कैश मिला। शर्मा ने आरटीओ में महज 12 साल नौकरी की है। उसने एक साल पहले वीआरएस लिया और रियल एस्टेट के काम करने लगा, उस पर हवाला का भी आरोप है। सूत्रों के मुताबिक, सौरभ शर्मा का असली ठिकाना दुबई है। इससे पहले आयकर विभाग की टीमों ने तीन बड़े बिल्डरों और उनके करीबियों से जुड़े 52 स्थानों पर छापेमारी की थी। भोपाल में 49, इंदौर में दो और ग्वालियर में एक जगह छापा मारा गया है। भोपाल के त्रिशूल बिल्डर के राजेश शर्मा के आवास व अन्य स्थानों पर छापे में 10 लाकर और तीन करोड़ रुपये नकद व ज्वेलरी भी मिली है जिसका मूल्यांकन किया जा रहा है। आयकर विभाग की लंबे समय से इन पर नजर थी। ग्वालियर में रामवीर सिंह सिकरवार के आवास पर कार्रवाई हुई है।

### पूरे सत्र में पक्ष-विपक्ष के बीच रहा टकराव

# धक्काकांड और अंबेडकर पर बयान: हंगामे के बीच संसद का शीत सत्र खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कल हुए धक्काकांड के बाद आज भी संसद में भारी गहमागमी के बाद संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस शीत सत्र की की शुरूआत भी हंगामे के साथ हुई थी और सत्र का समापन भी भारी हंगामे के बीच हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से राज्यसभा में डॉ. बीआर आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में विपक्षी गठबंधन के सांसदों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

इसके पहले आज भाजपा और विपक्ष दोनों में प्रदर्शन की रेस सुबह से थी। भाजपा सांसद महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करने जुटे तो तो विपक्ष विजय चौक से संसद तक मार्च करने निकल पडा। इस बीच भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन व अपमान का नोटिस भी दे दिया। वैसे भी आज सत्र का आखिरी दिन था। राहुल पर एनडीए सांसदों को धक्का मारने के गंभीर आरोप लगे हैं तो कांग्रेस ने भी कुछ ऐसे ही आरोप बीजेपी सांसदों पर लगाए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजे नोटिस में गृह मंत्री अमित शाह के बयान को तोड़-मरोड़ कर एक्स प्लेटफ़ॉर्म पर चलाने का आरोप लगाया है। विशेषाधिकार नोटिस के मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने की अपील की गई है। इसमें कहा गया है कि जब तक समिति इस मामले में फ़ैसला नहीं करती, राहुल गांधी को लोकसभा से निलंबित कर दिया जाए। अभी बीजेपी के दो जख्मी सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत आरएमएल में भर्ती हैं, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। सारंगी ने कहा कि मैं सीढ़ियों पर खड़ा था तभी राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया और वो सांसद मेरे ऊपर गिर गए, जिससे मैं गिर गया और चोट लग गई। उधर रामनोहर लोहिया अस्पताल में प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत से मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मर्यादाओं की धज्जियां उड़ाई गई हैं। राहुल की गुंडागर्दी का ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। ज्ञात हो कि राहुल गांधी पर भाजपा सांसद हेमंग जोशी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई है।



### गरिमा कायम रखना सामूहिक जिम्मेदारी

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में संसद के किसी द्वार पर कोई राजनीतिक दल प्रदर्शन नहीं करेगा।. इस निर्देश का उल्लंघन करने पर संसद उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने यह भी नसीहत दी कि संसद की गरिमा सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस खारिज कर दिया है। इससे पहले राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर तक स्थगित की गई।

## मप्र विस : संविधान प्रति लेकर पहुंचे कांग्रेस विधायक

**भोपाल।** मप्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज अंतिम दिन है। आज कांग्रेस विधायक आज संविधान की प्रतियां लेकर विधानसभा परिसर में दाखिल हुए। वे तीन दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संसद में डॉ. भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान का विरोध जताते रहे। नेत प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- बीजेपी द्वारा संविधान का अपमान किया जा रहा है। संविधान निर्माता अंबेडकरजी के बारे में गलत शब्द कहे गए। मोदी और शाह ने अभी तक माफी नहीं मांगी।

## सीएम मोहन यादव ने आईएएस अफसरों से कहा

# निर्णय लेना आसान है लेकिन अमल उससे ज्यादा महत्वपूर्ण

### सर्विस मीट शुरू: अफसरों ने कर्म किया तो भाग्य भी पाया- सीएम



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने आज यहां प्रशासन अकादमी में तीन दिवसीय आईएएस सर्विस मीट की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि निर्णय लेना तो आसान होता है लेकिन इस पर सफलतापूर्वक अमल ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने यह भी कहा कि पढ़े-लिखे होने के बावजूद मनमोहन सिंह को नहीं मालूम था कि जीरो बैलेंस पर अकाउंट खुल सकता है। लेकिन ये चाय वाले को मालूम था। सीएम ने श्रीमद् भागवत का एक दृष्टांत भी सुनाया व कहा कि कर्म तो सब लोग करते हैं, भाग्य परमात्मा देता है। आईएएस अफसरों ने इस मार्ग पर चलते हुए न केवल कर्म किया बल्कि भाग्य भी पाया। इसलिए मैं आपको दोनों तरह से बधाई देना चाहता हूं। इतने बड़े देश में, इतनी बड़ी आबादी में यदि आईएएस अधिकारियों की संख्या देखी जाए तो नगण्य है। इतने बड़े देश की, इतनी विविधता और चुनौतियों के बीच, हमारे देश की दुनिया में जो पहचान बनी है, उसमें सबसे बड़ी भूमिका आईएएस अधिकारियों की है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए गौरवान्वित करने वाली बात है।

### पैनल डिस्कशन और कल्चरल नाइट और डिनर

इस सर्विस मीट में बातें नई पुरानी विषय पर मुख्य सचिव अनुराग जैन के संचालन में पैनल डिस्कशन होगा। सर्विस मीट के पहले दिन अरेरा क्लब में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, पूल, बिलियर्ड, ब्रिज और 4 गुणा 50 मीटर रिले दौड़ होगी। शाम को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कल्चरल नाइट और डिनर होगा। इसके बाद अरेरा क्लब में रात 9.30 बजे से ट्रेजर हंट का आयोजन किया जाएगा। आईएएस अफसरों का ग्रुप फोटोग्राफ सेशन भी होगा।

## हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का निधन



**नई दिल्ली ।** हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का आज 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने गुरुग्राम में अपने आवास पर आखिरी सांस ली। हरियाणा और देश की सियासत में मशहूर चौधरी देवीलाल की 5 संतानों में चार बेटों में ओमप्रकाश चौटाला भी एक थे। जब देवीलाल डिप्टी पीएम बने तो बड़े बेटे ओमप्रकाश चौटाला ने राजनीतिक विरासत संभाली और हरियाणा के मुख्यमंत्री बने. ओमप्रकाश 1989 से 1991 तक मुख्यमंत्री रहे. 1991 में लोकसभा चुनाव हारे और यहीं से उनकी राजनीतिक यात्रा समाप्त हो गई।

### नाव हादसे की जांच के लिए नेवी ने बनाई कमेटी

**मुंबई।** दो दिन पहले नाव हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा जा रही पैसेंजर बोट से नेवी की स्पीडबोट टकराई थी, जिसके बाद पैसेंजर बोट डूब गई थी। इसे लेकर अब नेवी भी इंटरनल जांच कर रही है। खबरों के मुताबिक, नौसेना ने जांच के लिए एक बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का गठन किया है। हादसे के बाद नेवी ने बयान जारी करते हुए कहा था कि स्पीडबोट इंजन ट्रायल पर थी।

## सौ स्कूलों को फिर बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** आज फिर दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी मिली है। जिसमें डीपीएस, एमिटी, मदर मैरी स्कूल समेत कई बड़े स्कूल शामिल हैं। बम की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस के साथ ही बम निरोधक दस्ता और अग्निशमन विभाग का दस्ता भी मौके पर पहुंचा। स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया गया। इसमें कुछ नहीं मिला है। दमकल विभाग ने बताया कि अब तक दिल्ली फायर सर्विस को स्कूलों में बम की धमकी के संबंध में 97 से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। वहीं, जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ये ईमेल कहां से भेजे गए हैं। प्राथमिक जांच में जानकारी सामने आई है कि धमकी का ईमेल रूस से आया है।

## प्रियंका को 84 लिखा बैग दिया सारंगी ने




**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के बैग पिछले दिनों चर्चा में बने रहे तो आज बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी ने प्रियंका गांधी को एक बैग दिया है जिस पर 1984 लिखा हुआ है। अपराजिता ने कहा कि प्रियंका संसद में नए-नए बैग लेकर आती रही हैं तो मैंने सोचा कि उन्हें एक बैग गिफ्ट करूं । इस पर 1984 लिखा हुआ है। साथ में खून के छींटे भी हैं. जो 1984 के दंगों की याद दिलाते हैं। इससे पहले प्रियंका लगातार नए-नए बैग लेकर संसद पहुंचती रही हैं। कभी अडानी तो कभी बांग्लादेश व फिलिस्तीन लिखे हुए बैग उनके सुर्खियों में बने।

## राम मंदिर में पुजारियों के लिए सख्त नियम, स्मार्टफोन पर रोक

**अयोध्या।** राम मंदिर में पुजारियों के लिए कई कठिन नियम बनाए गए हैं। यहां नए पुजारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। पुजारियों के लिए राम मंदिर में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई है। जल्द ही पुजारियों के लिए ड्रेस कोड लागू करने की तैयारी है। राम मंदिर में अभी 14 पुजारी ड्यूटी दे रहे हैं। मंदिर समेत कुबेर टीला व हनुमान मंदिर में पूजन के लिए पुजारियों को सात-सात के दो ग्रुप में बांटा गया है। दो अलग-अलग पालियों में इनकी ड्यूटी भी लगाई जा रही है। चार पुजारी गर्भगृह में तो तीन पुजारियों की ड्यूटी गर्भगृह के बाहर लगाई गई है। अब इनके परिधान में पीली चौबंदी, धोती, कुर्ता व सिर पर पीले रंग की ही पगड़ी शामिल होगी। भगवा रंग का ड्रेस भी शामिल किया जाएगा। वहीं नर्मदा बचाओ आंदोलन की संस्थापक व सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने कहा कि सभी के अंदर राम हैं फिर राम के दर्शन के लिए इतनी पाबंदी क्यों हैं। अयोध्या का भ्रमण करने बाद यही लगा कि यहां के मंदिर अब होटल के रूप में बदल रहे हैं। जहां जाने के लिए पैसों का होना जरूरी है।

# दो ट्रक भिड़े, आग की चपेट में 40 वाहन आए, बस में 7 जिंदा जले, 2 दर्जन घायल

**जयपुर , एजेंसी**

आज तडके यहां एक पेट्रोल पंप के पास एलपीजी ट्रक और सीएनजी ट्रक में भीषण टक्कर के बाद भयावह हादसा हुआ।इस अग्निकांड में एक-एक कर 40 से ज्यादा गाड़ियां चपेट में आ गईं। इतना ही नहीं एक बस भी इसकी चपेट में आ गई, जिसके बाद भगदड़ की स्थिति हो गई। इस बस में सवार 7 यात्री जिंदा जल गए, जबकि 40 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई यात्री बस गेट लाक होने की वजह से निकल नहं पाए और चीखते रहे। घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो दर्जन गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। ये दिल दहला देने वाला लापरवाही की वजह से माना जा रहा है। सीएनजी का टैंकर गलत साइड से आ रहा था और एलपीजी ट्रक से टकरा गया। इसी एक लापरवाही की वजह से इतना बड़ा हादसा हो गया।इसकी चपेट में आई बस की स्थिति को देखकर यात्रियों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। एक चश्मदीद ने बताया कि एक गाड़ी टर्न ले रही थी और दूसरा ट्रक सीधा सामने से आया और उसके वॉल टूटने की वजह से दोनों गाड़ियों की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार से आ रही कई गाड़ियां इस आग की चपेट में आ गईं। प्रशासन ने माना है कि करीब चालीस वाहन आग की चपेट में आये हैं। यह अग्निकांड राजस्थान से गुजरने वाले जयपुर-अजमेर हाईवे पर सुबह करीब 6 बजे हुआ। दमकल की 20-22 गाड़ियां करीब‌ीन घंटे में आग बुझा सकीं।

**दिल दहलाने वाला हादसा**



## शिंदे ने दिखाया बड़ा दिल, बैंक में जमा पैसा अब उद्धव का

### कटुता के बीच सदाशयता की मिसाल

**मुंबई , एजेंसी**





तीखी राजनीतिक कटुता के इस दौर में महाराष्ट्र के मौजूदा डिप्टी सीएम ने सदाशयता का नया उदाहरण पेश किया है। दरअसल चुनाव आयोग द्वारा महाराष्ट्र के शिंदे के गुट को शिवसेना का नाम और चुनाव चिन्ह दिए जाने के बाद, बीते काफी समय से उद्धव गुट और शिंदे गुट में चल - अचल संपत्ति को लेकर काफी रस्साकशी चल रही है, मगर अब शिंदे ने बड़ा दिल दिखाया और पार्टी की संपत्तियों और बैंक खातों पर नियंत्रण की तनातनी को अब खत्म करने की कोशिश की है। विभाजन के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही शिवसेना यूबीटी को राहत देते हुए शिंदे ने 2022 से पहले शिवसेना के बैंक खाते में जमा पैसों पर दावा नहीं करने का फैसला किया है। शिंदे गुट के इस फैसले से जो भी बैंक में राशि है, वह अब उद्धव गुट की शिवसेना के पास आ जाएगी। सूत्रो के मुताबिक, शिंदे ग्रुप की शिवसेना ने इसकी जानकारी शिवसेना यूबीटी को दे दी है।

## बदलता मौसम





भोपाल. दोपहर मेट्रो। राजधानी में शुक्रवार को भी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शहर में शीतलहर चलने से तेज ठंड का अहसास हुआ।

# मंत्री, पूर्व मंत्री और विधायकों ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर अपनी ही सरकार को घेरा

## सत्ता व संगठन की नसीहत बेअसर, कांग्रेस ने तो घेरा ही, लेकिन अपनों ने भी कसर नहीं छोड़ी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सदन में सरकार की कांग्रेस विधायक ही नहीं, बल्कि मंत्री, पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक भी जमकर घेराबंदी कर रहे हैं। घेराबंदी की वजह है भ्रष्टाचार के आरोप और अधिकारियों की मनमानी। गुरुवार को सुबह से शाम तक सदन में घेराबंदी चलती रही। प्रश्नकाल व ध्यानाकर्षण् के दौरान कई बार तो मंत्रियों को तीखी आपत्तियों का भी सामना करना पड़ा।

**सिंहस्थ में जमीन घोटाले के आरोप में दो भाजपा विधायकों ने मंत्री विजयवर्गीय को घेरा:** घट्टिया से भाजपा विधायक सतीश मालवीय ने प्रश्नकाल के दौरान कहा कि 1.64 हेक्टेयर जमीन का उपयोग बदला और एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाया गया। जिसकी वजह से माहौल गरमा गया। कांग्रेसी विधायकों ने शोरगुल के बीच आरोपों को हवा दे दी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आरोपों को नकारते हुए कहा कि मास्टर प्लान में इस तरह कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता। विधायक मालवीय ने आपत्ति जताई और कहने लगे कि आपको अधिकारियों ने भ्रमित किया है, मेरे पास सारे दस्तावेज है। इसी बीच भाजपा विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय खड़े हो गए और उन्होंने भी सिंहस्थ के नाम पर जमीनों को खुर्दबुर्द करने के गंभीर आरोप लगाए। जिस पर मंत्री ने जांच कराने का भरोसा दिया।

**मंत्री विजयवर्गीय ने माना अवैध कॉलोनियां नासूर बन गई:** बैरसिया से भाजपा विधायक विष्णु खत्री ने आरोप लगाए कि शहरी इलाकों में अवैध कॉलोनियों कट रही और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है। अवैध कॉलोनाइजरों



पर कार्रवाई नहीं हो रही। मंत्री विजयवर्गीय ने माना कि अवैध कॉलोनियां नासूर बन गई। सजा का कड़ा प्रावधान कर रहे हैं। बड़ी कार्रवाई होंगी। शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण के मामले खत्म कराए जाएंगे। कॉलोनाइजरों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

**पीडब्ल्यूडी मंत्री ने घटिया निर्माण को स्वीकारा:** सिलवानी से कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल ने कहा कि सिलवानी में हैदरगढ़ से सुल्तानगंज तक करीब 100 करोड़ की लागत से सड़क बनाई जा रही। उसमें घटिया निर्माण हो रहा। क्रैक आ रहे हैं। दो वर्ष हो चुके हैं, अब तक छोटे-छोटे हिस्सों का ही निर्माण हुआ, वह दोबारा उखड़ गया। जिस पर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने सदन में स्वीकारा कि 6 पैनल में क्रैक पाया गया। उसमें से दो बदल दिए हैं। चार पैनल बदलने की प्रक्रिया चल रही है। विलंब हुआ है। सड़क निर्माण घटिया होने की बात संज्ञान में आई है। बाकी का काम शीघ्रता से पूरा करेंगे।

### पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह ने दूसरी बार सरकार को घेरा

पूर्व गृहमंत्री व खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने गुरुवार को दूसरी बार सरकार को सदन में घेरा। कहा कि जिस अधिकारी पर आरोप लग रहे हैं, उन्हें निलंबित करने में क्या आपत्ति है। उन्होंने विस अध्यक्ष से आरोपों की जांच पर व्यवस्था की मांग कर दी। इस पर माहौल गरमा गया और विपक्ष के कई विधायकों ने भूपेंद्र सिंह की बातों का समर्थन कर दिया। जिसके बाद अध्यक्ष को हस्तक्षेप करना पड़ा। भाजपा के भिंड विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने ध्यानाकर्षण के दौरान सदन में कहा कि भिंड में बिजली कंपनी के महाप्रबंधक की वजह से बिजली कटौती हो रही है। मनमानियां चल रही है। ऊर्जा मंत्री की ओर से जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जवाब में विभाग द्वारा किए गए कामों की जानकारी पटल पर रखी और कहा कि काम हो रहे हैं। क्षेत्र में रोष जैसी स्थिति नहीं है। जिस पर ने आपत्ति लेते हुए कहा कि मंत्री ने पूरी रामायण पढ़ दी। असत्य छुपाने के लिए बहुत देर तक उत्तर पढ़ते रहे। इस पर कांग्रेसी विधायक भी हंगामा करने लगे। तभी भूपेंद्र सिंह कहने लगे कि नरेन्द्र सिंह बहुत वरिष्ठ सदस्य है। वे तथ्यात्मक बातें रखे रहे हैं। मेरा आसंदी से आग्रह है कि संबंधित अधिकारी को निलंबित कर जांच कराई जाए, इसमें मंत्री को भी कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। अध्यक्ष ने भूपेंद्र सिंह का नाम लेते हुए कहा कि आप बहुत वरिष्ठ विधायक है। प्रश्न आ गया है। मंत्री ने विस्तृत उत्तर भी दे दिया है। जांच व कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है।

## मान्यता के लिए 23 दिसम्बर से कर सकेंगे निजी स्कूल आवेदन

### एक से 8 तक के स्कूलों के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी की समय

**भोपाल. एजेंसी**

प्रदेश में संचालित कक्षा एक से 8 तक के निजी विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने मान्यता आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आरटीई एमपी मोबाइल ऐप तैयार किया है। इसके माध्यम से अशासकीय स्कूल स्वयं अपने मोबाइल के द्वारा आवश्यक जानकारी दर्ज कर जरूरी फोटाग्राफ तथा दस्तावेज अपलोड करते हुये मान्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेगे। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने सभी जिला कलेक्टर्स और मैदानी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि वे इस सबंध में अपने जिले के सभी निजी विद्यालयों को अवगत कराते हुए नवीन मान्यता अथवा पूर्व मान्यता के नवीनीकरण के लिये निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण कराये। जिन स्कूलों की मान्यता अवधि मार्च 2025 में पूर्ण हो रही है ऐसे स्कूल समय-सीमा में मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन करेंगे। साथ ही यदि कोई स्कूल कक्षा में वृद्धि करना चाहता है तो वह भी नवीनीकरण के लिये आवेदन कर सकता है। मान्यता नवीनीकरण के लिये जो अशासकीय स्कूलों समय सीमा में आवेदन नही करते है तो वह आगामी सत्र में स्कूल संचालन के लिए पात्र नही होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी विस्तृत निर्देश एमपी एज्युकेशन पोर्टल तथा आरटीई पोर्टलपर भी देखे जा सकते हैं।

## स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आज

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा 21 दिसम्बर तक कार्यक्षेत्र में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। साथ ही बिजली बचाने को लेकर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में चिनार पार्क में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन केंद्रीय गृहमंत्री शाह के बयान पर नाराजगी



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

गांधीनगर ब्लॉक के मुट्ठीभर कांग्रेसी केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के विरोध में सड़कों पर उतरे। कांग्रेसियों ने शाह के उस बयान पर नाराजगी जताई कहा जा रहा है कि राज्य सभा में शाह ने अंबेडकर नाम एक फैशन हो गया है कहा था। विरोध प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गांधीनगर ने हलालपुर बस स्टैंड, लालघाटी पर किया था। गांधीनगर ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सबधाणी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं थे अंबेडकर एक विचार धारा है उन्हीं की विचारधारा से जो संविधान बना है जिसमे हर आयु, हर वर्ग, हर समाज, हर भारतीय नागरिक को समान अधिकार मिला है ऐसे महान व्यक्ति के खिलाफ गलत टिप्पणी करने पर हम इसका विरोध करते हैं एवं गृहमंत्री अमित शाह से माफी मांगने की माँग करते हैं। प्रदर्शन में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष जीतू, संतनगर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारन पार्षद, सोनू रैना, सूबेदार मेजर ब्रजेश कुमार शर्मा, लक्ष्मण राजपूत पार्षद ने अपने विचार रखे।

## सिंधी पंचायत ने अध्यक्ष बनने पर बागवानी का सम्मान किया



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत ने भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता मनीष बागवानी को संतनगर मण्डल का अध्यक्ष बनाये जाने पर स्वागत किया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने कहा कि मनीष बागवानी कर्मठ, जुझारु एवं लग्नशील कार्यकर्ता है। आशा व्यक्त करता हूं कि श्री बागवानी समाज की सेवा में हर दम आगे रहेंगे ओर सेवा के विकास के लिए कार्य करेगे। इस अवसर पर फाटक रोड के व्यापारियों द्वारा अपनी समस्याओं से पंचायत व मण्डल अध्यक्ष को अवगत कराया कि इस अवसर पर मनीष बागवानी ने कहा कि सर्वप्रथम में पूज्य सिंधी पंचायत का आभारी हूं। जिन्होने मेरा स्वागत सम्मान किया। आप लोगों ने कहा कि यह स्वागत समारोह है नहीं यह मेरे लिए आशीर्वाद समारोह है। फाटक रोड के व्यापारियों को मैं आश्वस्त करता हूं कि विधायक रामेश्वर शर्मा शीघ्र ही व्यापारियों को ब्रिज के नीचे बसाएंगे। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी का भी स्वागत किया गया। पंचायत महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सहकोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, हीरो हिन्दू, राजेश बेलानी ने भी स्वागत में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी एवं आभार कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी ने प्रकट किया।

## राष्ट्रीय गणित सप्ताह का आयोजन



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के अंतर्गत आरकेडीएफ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, द्वारा राष्ट्रीय गणित सप्ताह का 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजन किया जाएगा ।यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद डीएसटी, और एम.पी. विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा उत्प्रेरित और समर्थित है। आज कार्यक्रम के संयोजक इंजीनियरिंग विभाग के डीन डॉ. अशोक कुमार झाला, द्वारा छात्रों को राष्ट्रीय गणित सप्ताह की विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें प्राचीन भारतीय गणित एवं रामानुजन , गणितिय फोबिया हटाने की प्रक्रिया एवं भारतीय ज्ञान परंपरा व गणित पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन, गणित पहेली, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर , रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी।

## शैक्षणिक भ्रमण शोध और नवाचार की भावनाओं को बढ़ाते हैं- डालिमा



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने आईसर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया, इसका मुख्य उद्देश्य अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी अनुप्रयोग से परिचित कराना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ डालिमा पारवानी ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं को न केवल तकनीकी ज्ञान देते हैं, बल्कि उनके अंदर शोध और नवाचार की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। भ्रमण की शुरुआत आईसर, भोपाल के परिचय से हुई, जिसके बाद प्रो. हारून आर. लोन, आईसर ने कंप्यूटर साइंस और आईओटी में किए जा रहे शोध कार्यों पर चर्चा की। इसके बाद, छात्राओं ने डेटा साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग का भ्रमण किया। नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग विषय पर विशेषज्ञ प्रोफेसर जसबंता पात्रो, आइसर, भोपाल ने व्याख्यान दिया और अपने अनुभव साझा किए। इस शैक्षणिक यात्रा में छात्राओं ने सात उन्नत शोध प्रयोगशालाओं का दौरा भी किया, जिनमें एडवांस सिग्नल एंड इमेज प्रोसेसिंग लैब, जियोएआई-फोर सिटीज लैब, इंटेलिजेंट सिस्टम्स लैब, बायोमेडिकल डेटा साइंस रिसर्च लैब, विजडॉम लैब, ट्रस्टवर्दी बायोमेट्रा विजन लैब, सोशल डेटा एनेलिटिक्स एंड लर्निंग लैब है।

**मेट्रो एंकर**

### स्कूल की प्रगति व अन्य गतिविधियों की समीक्षा भी की

## मुकिता स्कूल के संस्थापक समाजसेवी पंजाबी परिवार ने बच्चों से किया संवाद

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

मुकिता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल संतनगर, दुबई के समाजसेवी रितेश पंजाबी न अपने माता-पिता मुकेश और निकिता पंजाबी के नाम पर स्थापित किया गया है। रितेश पंजाबी की पत्नी समारा पंजाबी ने स्कूल की प्रगति व अन्य गतिविधियों की समीक्षा के लिए अपने पिता जैकी अमरनानी, अपनी बेटी टियाना और अपने बेटे निर्वान के साथ स्कूल का दौरा किया। स्कूल भ्रमण के दौरान समारा ने छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर उनकी बेटी टियाना ने ÷छात्रों के बीच मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग÷ विषय पर एक जीवंत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया, जबकि उनके बेटे निर्वान ने शब्दावली और भाषाई कौशल को बढ़ाने पर केंद्रित एक स्पेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। समारा ने अंग्रेजी भाषा के अध्ययन पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने और बाहरी दुनिया में खुद को साबित करने के लिए अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान होना जरूरी है।

**अंग्रेजी शिक्षा के महत्व को बताया:** समारा ने छात्रों को वैश्विक ज्ञान तक पहुंचने और उनके क्षितिज को व्यापक व सक्षम बनाने में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। समारा रितेश ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि उनके सुझाव पर मुकिता स्कूल की शिक्षिकाओं ने स्कूल के अतिरिक्त समय में अंग्रेजी सीखने में रूचि दिखाई एवं अब सभी शिक्षिकाएं स्कूल में अंग्रेजी बोलने का अच्छा ज्ञान रख रही हैं।

**संस्थान की जानकारी दी:** जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने बताया कि वर्तमान में 600 लड़कियाँ 12वीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उन्हें स्तरीय अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल के शिक्षकों को अंग्रेजी का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दयारामानी ने कहा कि रितेश पंजाबी व समारा पंजाबी अपने दोनों बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कारों का रोपण कर रहे हैं।





11 दिसम्बर - 26 दिसम्बर 2024
जनकल्याण पर्व
1 वर्ष
Mangubhai Patel, Governor
मोहन यादव सरकार
काम लगातार-फैसले असरदार
Dr. B.R. Ambedkar University
Convocation Ceremony
Chief Guest
Mangubhai Patel
Governor
Hon'ble Presence
Dr. Mohan Yadav
Chief Minister
12:00 PM I Dr. Ambedkar Nagar (Mhow), Indore
Inauguration
880 MW Agar & Neemuch Solar Projects
Foundation Laying & Inauguration of Various Development Projects
2:00 PM I Susner, Agar-Malwa
Inauguration & Foundation Laying of Development Projects
(Worth ₹1000 Crores)
4:00 PM
Atal Bihari Vajpayee College, Indore
By
Chief Minister
Dr. Mohan Yadav
20th December, 2024
D-11129/24
Power generation from renewable energy sources increased 14 times in 12 years to 7,000 MW
First project in India to get Solar Power at rates below coal-based power
Development of 450 MW Capacity Solar Park at Shajapur
278 MW power generation started from Omkareshwar Floating Solar Power Project
2000 MW capacity solar park to be developed between Madhya Pradesh and Uttar Pradesh
Sanchi becomes first solar city, Har Ghar Solar Abhiyan to make Indore a solar city
State's first Solar Power storage plant to be set up in Morena
Target to solarize 2060 Villages under Pradhan Mantri Jan-Man Yojana
Madhya Pradesh Contributing Towards Greener Tomorrow
LIVE STREAM
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
Released by the Department of Public Relations, M.P.
Designed by M.P. Madhyam/2024

## संपादकीय

# साथ चुनाव पर सघन चर्चा जरूरी

केंद्र सरकार ने एक देश एक चुनाव के लिये संसद में संविधान संशोधन विधेयक पेश तो किया है लेकिन अभी इसकी राह थोडा कठिन है। इसके तहत सभी राज्यों व लोकसभा के चुनाव साथ कराने व एक अलग विधेयक के तहत केंद्र शासित प्रदेशों में भी विस चुनाव साथ कराने का विचार है। उम्मीद के मुताबिक ही कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने प्रस्तावित संशोधनों का विरोध किया। मोटे तौर पर ऐसा इस आधार पर किया गया कि ये विधेयक संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करते हैं और ऐसा करना सदन की विधायी क्षमता के बाहर है। विपक्ष ने कुछ अन्य आपत्तियां भी उठाईं, मसलन विधेयक में भारत निर्वाचन आयोग को अतिरिक्त शक्तियां देने की बात शामिल है। चूंकि संविधान संशोधनों के लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है। ऐसे में सभी प्रस्तावित प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की उम्मीद की जाती है। विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है। साथ चुनाव कराने का विचार वैसे तो नया नहीं है। आजादी के बाद कई सालों तक एक साथ चुनाव होते थे। यह चक्र उस समय बाधित हुआ जब राज्यों की विधानसभाओं को समय से पहले भंग किया गया। इसकी शुरुआत 1960 के दशक के हुई और इसकी वजहें राजनीतिक थीं। विधि आयोग समेत कई संस्थाओं ने भी एक साथ चुनाव की पुरानी व्यवस्था को अपनाने का सुझाव दिया है। सैद्धांतिक तौर पर यह बात समझी जा सकती है कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराना समझदारी भरा हो सकता है। चुनावों में राजनीतिक दलों और सरकार द्वारा खर्च किए जाने वाले धन के अलावा भी एक व्यापक नीतिगत पहलू है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। एक बार चुनाव और सरकार बन जाने के बाद केंद्र और राज्य स्तर पर राजनीतिक दल शासन और नीतिगत मुद्दों पर वापस लौट सकते हैं। कोविंद समिति द्वारा प्रस्तुत तकनीकी विश्लेषण बताता है कि वृद्धि, मुद्रास्फीति, निवेश और सार्वजनिक व्यय आदि पर भी एक साथ चुनाव का सकारात्मक असर होगा। परंतु एक साथ चुनाव के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों पर चर्चा जरूरी है। उदाहरण के लिए विधेयक में प्रस्ताव किया गया है कि लोकसभा की पहली बैठक के बाद पांच साल के समय को सदन का पूर्ण कार्यकाल माना जाएगा। अगर सदन पूरी अवधि के पहले भंग होता है तो भंग होने और पहली बैठक से पांच साल तक के समय को शेष अवधि कहा जाएगा। नए सदन का गठन पांच साल पूरा होने के बाद होगा। सैद्धांतिक तौर पर देखें तो अगर पहली बैठक के चार साल बाद सदन भंग होता है तो नया सदन केवल एक साल के लिए गठित होगा। चूंकि चुनावी प्रक्रिया में समय लगता है इसलिए सदन का वास्तविक कार्यकाल एक साल से भी कम होगा। ऐसे निष्कर्ष राजनीतिक दलों के चयन को भी प्रभावित कर सकते हैं। एक संभावना यह भी है कि विपक्ष शायद सदन का एक खास अवधि का कार्यकाल पूरा होने के बाद अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाए। इसके परिणामस्वरूप सरकार विश्वास गंवाने के बाद भी सत्ता में बनी रह सकती है। ऐसा ही राज्यों में भी हो सकता है। इसके अलावा पांच साल के भीतर लोक सभा या विधान सभा के दो या अधिक चुनाव होने की संभावना एक साथ चुनावों के आर्थिक तर्क को भी कमजोर करती है। चूंकि यह एक बडा बदलाव लाने वाला कानून होगा लिहाजा इस पर संसदीय समिति के अलावा संसद को भी खूब खुलेमन से व्यापक तौर पर व सघन चर्चा करना होगी।

वाणी की पवित्रता, मन की, इंद्रियों की, और एक दयालु हृदय की आवश्यकता उस व्यक्ति को होती है जो दिव्य मंच पर उठने की इच्छा रखता है।

-चाणक्य

## आज का इतिहास

- 2008- विश्व स्कूली खेलों की मेजबानी भारत को मिली।
- 2007- पाकिस्तान की संघीय शरीयत अदालत ने पाकिस्तान नागरिकता अधिनियम को महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया।
- 2002- दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया मुद्दे पर संयुक्त राज्य अमेरिका से सहयोग मांगा।
- 1999- अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' हबल टेलीस्कोप की मरम्मत हेतु रवाना।
- 1999- चीन और पुर्तगाल के समझौते के बाद मकाउ चीन का हिस्सा बना ।
- 1998- 13वें एशियाई खेलों का रंगारंग समापन।
- 1998- बिल क्लिंटन और कैनेथ स्टार को टाइम मैगजीन ने पर्सन ऑफ द इयर घोषित किया।
- 1993- भारत और यूरोपीय संघ के बीच ब्रसेल्स में सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1991- पॉल कीटिंग आस्ट्रेलिया के नये प्रधानमंत्री बने।
- 1990- भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे पर परमाणु हमले न करने पर सहमत।
- 1988- संसद ने 62वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी।
- 1985- तिरूपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर को 5.2 करोड़ रुपये की कीमत वाला हीरा जड़ित मुकुट चढ़ाया गया।
- 1976- इजरायल के तत्कालीन प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
- 1973- यूरोपीय देश स्पेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री एडमिरल लुईस करेरो ब्लांको की मैड्रिड में एक कार बम हमले में मौत।
- 1971- जरनल याह्या ख़ाँ द्वारा पाकिस्तान के राष्ट्रपति पद से त्यागपत्र, जुल्फिकार अली भुट्टो राष्ट्रपति बने।

## निशाना

### अजब शुरु व्यवहार !



-कृष्णेन्द्र राय

धक्का- मुक्की हो रही ।
अजब शुरु व्यवहार ।।
दिल से अपने काम को ।
दे रहे वो धार ।।
बन रही रणनीति ।
आगे की तैयारी ।।
देना उसको चकमा ।
मिली जो करारी ।।
मार्गदर्शन मिल रहा ।
हो जल्दी उद्धार ।।
दे रहे संकेत ।
जल्द चमत्कार ।।
मान कर सलाह ।
अग्रसर उस ओर ।।
सत्ता पाने को आखिर ।
है चिंता घनघोर ।।

# भारी टैरिफ से वैश्विक व्यापार पर नकारात्मक असर

■ डॉ. श्याम सखा श्याम




अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव जीत चुके डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आयातित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का बयान देकर चेताया है। बता दें कि टैरिफ आयातित या निर्यातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला टैक्स है जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति का महत्वपूर्ण उपकरण होता है। टैरिफ का उद्देश्य व्यापार को नियंत्रित करना, घरेलू उद्योगों की सुरक्षा प्रदान करना और राजस्व पैदा करना होता है। विगत में ट्रम्प शासन के दौरान, चीन और अन्य व्यापारिक साझेदारों पर लगाए गए टैरिफ का उद्देश्य भी व्यापार असंतुलन को दूर करना, अमेरिकी उद्योगों की रक्षा और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को बढ़ावा देना था। बेशक इन टैरिफ का उद्देश्य अमेरिकी निर्माताओं और श्रमिकों को लाभ पहुंचाना रहा है, लेकिन इनका असर अमेरिकी उपभोक्ताओं, व्यवसायों और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। मसलन, आयातित चीनी इलेक्ट्रॉनिक्स पर टैरिफ से उनकी कीमत बढ़ जाती है, जिससे उपभोक्ता घरेलू विकल्प खरीदने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।

दरअसल, ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में लगाए कई टैरिफ अमेरिकी नागरिकों के लिए कर के रूप में कार्य करते थे। उनसे लागत बढ़ी और व्यवसायों ने इसे उपभोक्ताओं पर डाल दिया। हालांकि, कुछ घरेलू उद्योगों को अल्पावधि में लाभ हुआ, लेकिन यू.एस. अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव मिला-जुला रहा, जिसमें उपभोक्ताओं, व्यवसायों को महत्वपूर्ण लागतों का सामना करना पड़ा।टैरिफ के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें बढ़ गईं। पीटरसन इंस्टीट्यूट के अनुसार, चीनी आयात पर टैरिफ से औसत अमेरिकी परिवार को सालाना करीब 1,277 डॉलर अतिरिक्त खर्च करना पड़ा।

इसके अलावा, अन्य देशों द्वारा कृषि क्षेत्र पर प्रतिशोधात्मक शुल्कों ने अमेरिकी निर्यातकों को और नुकसान पहुंचाया। इन शुल्कों ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित किया, जिससे कारोबार द्वारा निवेश या भर्ती में देरी के कारण आर्थिक अनिश्चितता पैदा हुई।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था ने अल्पकालिक लाभ और चुनौतियों दोनों का सामना किया। कुछ उद्योगों जैसे स्टील, एल्यूमीनियम और सौर पैनल को विदेशी प्रतिस्पर्धा में कमी के कारण अस्थायी लाभ मिला। मसलन, अमेरिकी इस्पात उद्योग को संक्षिप्त लाभ हुआ, लेकिन इससे अन्य उद्योगों को ऊंची कीमतों का सामना करना पड़ा, जिससे लागत बढ़ी और नौकरियों में कटौती हुई। आयातित घटकों पर निर्भर अमेरिकी निर्माता, जैसे ऑटो और तकनीकी कंपनियों, को भी ऊंची इनपुट लागतों से नुकसान हुआ, जिससे कीमतों में वृद्धि हुई।

प्रतिशोधात्मक शुल्कों ने अमेरिकी किसानों, खासकर सोयाबीन, पोर्क और डेरी उत्पादकों को भी प्रभावित किया, क्योंकि चीन जैसे प्रमुख बाजारों ने अमेरिकी निर्यात पर शुल्क लगाया। इससे किसानों को नुकसान हुआ, और अमेरिकी सरकार ने इन नुकसानों की भरपाई के लिए अरबों की सब्सिडी प्रदान की, जिससे संघीय व्यय बढ़ा। ट्रम्प सरकार के टैरिफ ने व्यापार प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया, विशेष रूप से अमेरिका-चीन व्यापार में, जिसके चलते चीन ने जवाबी टैरिफ लगाए। इससे वैश्विक बाजारों में व्यवधान आया और 2018-2019 के दौरान जीडीपी वृद्धि धीमी हो गई। टैरिफ के चलते कुछ देशों ने अमेरिकी उत्पादों की खरीद बंद कर दी। चीन ने सोयाबीन जैसे सामानों के ब्राजील और यूरोपीय संघ से आयात बढ़ा दिया।चीन जैसे देशों ने टैरिफ के जवाब में अपनी मुद्राओं को कमजोर कर निर्यात लागतों को आंशिक ऑफसेट किया, जिससे वैश्विक आर्थिक तनाव बढ़ा। टैरिफ ने व्यवसायों को उत्पादन के लिए अमेरिका में लौटने या चीन से विविधता लाने को प्रेरित किया, लेकिन अधिकांश कंपनियों ने वियतनाम, मैक्सिको और भारत जैसे कम लागत वाले देशों में परिचालन स्थानांतरित कर दिया।

इससे वैश्विक स्तर पर एकतरफा व्यापार कार्रवाइयों को बढ़ावा मिला। टैरिफ युद्धों ने वैश्विक व्यापार प्रणालियों की कमज़ोरियां उजागर कीं और अमेरिका-चीन तनाव बढ़ा दिया, दोनों इकोनॉमी में विघटन हुआ, जिसका वैश्विक व्यापार प्रतिस्पर्धा पर प्रभाव पड़ा। यदि पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प भविष्य में ब्रिक्स देशों पर टैरिफ बढ़ाते हैं, तो इन देशों के आर्थिक आकार और अमेरिकी व्यापारिक संबंधों में बहुत बड़ा आर्थिक और भू-राजनीतिक प्रभाव होगा। इससे वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी।ब्रिक्स देशों से आयातों पर टैरिफ, उपभोक्ता वस्त्र, कच्चे माल और घटकों की लागत बढ़ा देंगे। उदाहरण के लिए, चीनी विनिर्माण पर निर्भरता और ब्राज़ीलियाई कृषि उत्पादों पर टैरिफ अमेरिकी परिवारों के लिए कीमतें बढ़ा देंगे। इन उच्च लागतों से उपभोक्ता की क्रय शक्ति कम होगी, आय प्रभावित होगी और उपभोक्ता खर्च धीमा पड़ेगा, जो अमेरिकी जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत है।

अमेरिकी उद्योगों को कच्चे माल और मध्यवर्ती वस्तुओं के आयात पर निर्भरता के कारण बढ़ी हुई लागतों का सामना करना पड़ेगा। विनिर्माण क्षेत्र, जो चीनी घटकों पर निर्भर है, और ऑटोमोटिव उद्योग, जो ब्राजील, भारत या दक्षिण अफ्रीका से स्टील और एल्यूमीनियम आयात करते हैं, उत्पादन लागत में वृद्धि का अनुभव करेंगे। वहीं भारत के संदर्भ में टैरिफ में वृद्धि से निर्यात-संचालित उद्योगों, विशेष रूप से कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और कृषि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संभवतः भारत अपनी व्यापार साझेदारी में विविधता लाए और अमेरिकी वस्तुओं पर प्रतिकारात्मक कदम उठाए।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## पर्यावरण और सवाल

# समुद्री पक्षियों पर प्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव

■ डॉ. गीतांजलि कतलम



समुद्री पक्षी मुख्यतयाः महासागर पर निर्भर रहने वाले पक्षी हैं। वे ज्यादातर अपना जीवनकाल मुख्य भूखंड से दूर समुद्र में व्यतीत करते हैं तथा महासागर के हर छोर पर पाए जाते हैं। इन पंछियों के पंख जलरोधक होते हैं और खारे पानी से नमक को अलग करने की इनमें विशेष क्षमता होती है। समुद्रीय पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने में इनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती हैसमुद्री पक्षी महासागर के दूर-दराज द्वीपों प्रजनन करते हैं जहां कई बार इंसानी गतिविधियां न के बराबर होती हैं। परन्तु फिर भी इंसानों द्वारा निर्मित एक ऐसा वस्तु है जो समुद्री पक्षियों के लिए एक भयंकर संकट बन चुका है और वह है प्लास्टिक।आज तक जितने भी प्लास्टिक का निर्माण हुआ है, वह अभी भी धरती पर मौजूद हैं। इस सदी के पहले दशक में इतनी मात्रा में प्लास्टिक का निर्माण हुआ है, जो सन् 2000 से पहले कभी नहीं हुआ। वर्तमान में समुद्र में लगभग 15 -51 ट्रिलियन प्लास्टिक के कणों के मौजूद होने का अनुमान लगाया गया है।प्लास्टिक की उपस्थिति हज़ारों मीलों दूर समुद्र के बीचों-बीच स्थित द्वीपों पर भी दर्ज की गई है। उत्तर पैसिफिक में ग्रेट पैसिफ़िक गार्बेज पैच नाम से जाना जाने वाला विशाल कचरे का खंड है जो आकार में अमेरिका के टेक्सास राज्य से दोगुना है। प्लास्टिक की समस्या, समुद्री तट से लेकर महासागर की गहराईयों और दूरवर्ती द्वीपों पर भी गंभीर रूप लेती जा रही है।

हर साल हजारों की तादाद में समुद्री पक्षियों के प्लास्टिक निगलने के प्रमाण पाए गए हैं। ऐसा अनुमान लगाया गया है कि प्रत्येक वर्ष लगभग 1 मिलियन पक्षियों की प्लास्टिक निगलने के कारण मृत्यु होती है। सन् 1960 में, 5 प्रतिशत से भी कम पक्षियों के पेट में प्लास्टिक पाए गए थे। अब 20 साल बाद यह संख्या 10 गुना बढ़ के 80 प्रतिशत हो गई है। यह समस्या बहुत ही गंभीर है और विस्फोटक तरीके से बढ़ती जा रही है, जिसके कारण इन पक्षियों की जन्संख्या और प्रजनन पर विशेष रूप से प्रभाव पड़ सकता है। सन् 2050 तक 99 प्रतिशत समुद्रीय पक्षियों के प्लास्टिक निगलने के खतरे का अनुमान है। वैज्ञानिक शोध से यह जाना गया है की समुद्री पक्षियों में प्लास्टिक निगलने के अनेक गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। वयस्क पक्षी गलती से प्लास्टिक के कचरे को शिकार समझकर चूजों को खिला देते हैं जो बहुत छोटे, और शिकार करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। प्लास्टिक निगलने से इन चूजों की वयस्कता तक पहुंचने की संभावना कम हो जाती है। प्लास्टिक पक्षियों के पेट में जमा होने लगता है, जिसकी वजह से भुखमरी जैसी स्थिति पैदा होने से इनकी मृत्यु हो जाती है। मृत समुद्री पक्षियों के पेट में काफी मात्रा में प्लास्टिक पाया गया है।

प्लास्टिक के सेवन के बाद समुद्री पक्षियों में स्वास्थ्य से जुड़े कई प्रकार की समस्याएं देखी गई हैं, जैसे जो पक्षी वयस्कता तक जीवित रह जाते हैं उनके शरीर का विकास कम होता है। उनके पंख और चोंच छोटे रह जाते हैं और शरीर का वजन भी कम होता है। प्लास्टिक पक्षियों में गुर्दे संबधित विकार से यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने के साथ कोलेस्ट्रॉल एवं एन्ज़इम्स के निर्माण पर भी विपरीत प्रभाव डालता है।

प्लास्टिक निगलने की समस्या समुद्री सतह पर शिकार करने वाले जैसे अल्बाट्रोस या गोते लगाने वाले जैसे पफिंस में भी पाई गई है। कुछ समुद्री पक्षी जैसे ऐल्बाट्रॉस प्लास्टिक पर दिए हुए मछलियों के अंडे या फिर प्लास्टिक के टुकड़ों को स्क्विड समझ कर खा जाते है। प्लास्टिक में उलझने और फंसने से भी कई समुद्री पक्षी घायल हो जाते हैं या संक्रमण के शिकार हो जाते है या फिर डूब जाते हैं। जाल में फसने के कारण उनकी चाल और गति धीमी हो जाती है जिससे वो आसानी से अन्य जानवरों के शिकार बन जाते है।

कुछ पक्षी प्लास्टिक को अपने घोसले बनाने के उपयोग में लाते हैं। इन पक्षियों के घोंसले में मछली पकड़ने वाले जाल और नायलॉन रस्सियां में प्राकृतिक सामग्री जैसे समुद्री शैवाल और सूखी टहनियों के साथ सयुंक्त की जाती है । घोसला बनाने में प्लास्टिक के उपयोग का दुष्प्रभाव अभी समुद्री पक्षियों में पूरी तरह ज्ञात नहीं हुआ है।

इंसानों द्वारा उत्पादित प्लास्टिक का असर दूरगामी क्षेत्रों में निवास करने वाले समुद्री पक्षियों पर भी हो रहा है। मुख्य भूभाग में प्लास्टिक का कुप्रभंधन न सिर्फ नदियों, भूमि और सागरी किनारों को दूषित कर रहा है बल्कि सुदूर इलाकों में भी समस्या बन चुका है। प्लास्टिक का उचित प्रबंधन और दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की सख्त आवश्यकता है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### नर्मदापुरम संभाग कमिशनर सुशासन एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में हुए शामिल

# नगर पालिका सीएमओ को दिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम संभाग कमिशनर के जी तिवारी गुरुवार को सुशासन सप्ताह के अंतर्गत एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत सिवनी मालवा में आयोजित शिविर में पहुंचे। यहां उन्होंने अब तक प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया एवं आवेदनों के त्वरित गति से निराकरण के निर्देश दिए। कमिशनर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सिवनी मालवा एवं नगर पालिका अधिकारी सिवनी मालवा को निर्देश दिए कि वह शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर भारत सरकार के पोर्टल पर आवेदन अपलोड करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी डाटा पीएम पोर्टल पर अपडेट किया जाए। बताया गया कि शिविर में मुख्यतः संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि एवं पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, अंत्येष्टि सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, आर्थिक सहायता, सीमांकन बंटवारा एवं अन्य राजस्व से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं। कमिश्नर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए की सभी आवेदनों की रजिस्टर में एंट्री करके एक एक आवेदन का स्वयं परीक्षण कर निराकरण करें। कमिशनर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह विभिन्न ग्राम पंचायत में कल आयोजित होने वाले शिविर की गांव में मुनादी अवश्य कराए और आयोजित शिविरो का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कराए। शिविर में मौके पर मौजूद आवेदन कर्ता श्रीमती मीनाक्षी ने कमिशनर को अवगत कराया की वे 3 साल से शौचालय के लिए परेशान है। वार्ड क्रमांक 3 में उनके आवास है जहां उन्हें शासन की योजना के तहत शौचालय का निर्माण कराना है, तत संबंध में वो आवेदन लेकर शिविर में पहुंची थी। वही आवेदन कर्ता गीताबाई ने कहां की मकान के पट्टे के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने कमिशनर को आवेदन के निराकरण का अनुरोध किया। कमिश्नर ने सभी को भरोसा दिलाया की सभी आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। दोपहर 2.30 बजे तक शिविर में 48 आवेदन प्राप्त हुए थे।



### नगर में सीसीटीवी कैमरे चालू कराने के दिए निर्देश

कमिशनर श्री तिवारी ने सिवनी मालवा में रेन बसेरा न होने की जानकारी प्राप्त होने पर नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि वह अस्थाई रैन बसेरे की व्यवस्था करें, जहां पर टॉयलेट, गीजर, पानी के लिए समुचित व्यवस्था, अलाव की व्यवस्था, कंबल की व्यवस्था रहे। नागरिकों को अवगत कराया की पूर्व में शहर में सीसीटीवी कैमरे लगे थे लेकिन विगत 4 वर्षों से सीसीटीवी कैमरे बंद है। जिससे चोरी और अन्य वारदात हो रही है तो उसका पता नहीं लग पा रहा है। नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि काफी पहले सीसीटीवी कैमरे पुलिस विभाग को हैंडोवर हो गए थे। कमिशनर ने नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि वह पुलिस से समन्वय कर शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। नागरिकों ने अवगत कराया की शहर में गौशाला नहीं है, इस कारण शहर में आवारा मवेशी इधर-उधर घूमते रहते हैं जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लोगों ने मांग की यदि जमीन मिल जाए तो जन भागीदारी से गौशाला का निर्माण करा सकते हैं। कमिशनर ने अनुविभागी राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि वह गौशाला के लिए जमीन देखें। जन सहयोग से गौशाला बन जाएगी। कमिशनर ने निर्देश दिए कि रैन बसेरे की जानकारी से लोगों को अवगत कराने के लिए साइन बोर्ड जरूर लगाए। कुछ दुकानदारों ने बताया कि उनकी दुकानों में बारिश के दौरान छत से पानी टपकता है, सभी दुकानें नगर पालिका की है। कमिशनर ने नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर कमिशनर श्री तिवारी ने अनुविभागी राजस्व अधिकारी श्रीमती सरोज परिहार को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

### कमिश्नर ने ग्राम पंचायत जीरावेह में शिविर का किया अवलोकन

कमिशनर श्री तिवारी सिवनी मालवा के ग्राम पंचायत जीरावेह मैं आयोजित सुशासन जनकल्याण के शिविर में पहुंचे। यहां ग्राम पंचायत भवन में सुशासन सप्ताह अंतर्गत एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि शिविर के प्रति ग्रामीण में कुछ उदासीनता है क्योंकि पूर्व में दिए गए आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ था। कमिश्नर ने सभी ग्रामीणों को समझाइश दी कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन सब को प्रधानमंत्री पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति निराश ना हो। ग्राम पंचायत के सचिव ने बताया कि शिविर से पूर्व मुनादी कराकर इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया गया था। ग्राम वासियों को 63 सेवाओं एवं 43 योजनाओं का लाभ दिलाने का विशेष रूप से प्रयास किया जा रहा है। कमिश्नर ने ग्रामीणों को कहा कि सभी के सीमांकन, पात्र व्यक्तियों के वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड , संबल योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ को आवेदन प्रस्तुत करने पर परीक्षण कर प्राथमिकता से लाभ दिलाया जाएगा। कमिश्नर ने मौके पर ही सर्वे रजिस्टर का अवलोकन किया। बताया गया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कमिश्नर ने मौके पर ही तजिया बाई द्वारा प्रस्तुत कल्याणी पेंशन बुधिया सिंह द्वारा प्रस्तुत वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन का अवलोकन किया और ग्राम पंचायत सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया गया कि ग्राम में आयुष्मान कार्ड के आवेदन ज्यादा संख्या में प्राप्त हुए हैं।

## महिला चिकित्सकों ने कन्या शाला में महिला स्वास्थ्य संबंधी विशेष जानकारी दी



**नर्मदापुर, दोपहर मेट्रो**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा केरियर काउंसलिंग का आयोजन किया। जिसमें छात्राओं के स्वास्थ्य मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रभारी अंजू गौर ने किया । मुख्य अतिथि स्वास्तिक हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. सुष्मिश श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में ऐसी बहुत सी समस्या है जिसे जानना और समझना बहुत जरूरी है। डॉ. श्रीवास्तव ने छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि महिलाओं की शारीरिक संरचना अलग होती है। इसलिए उन्हें अपने आहार का विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्हें जंक फूड से बचना चाहिए, नूडल्स पास्ता, पिज़्ज़ा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। अपने आहार में उन्होंने सब्जियों व फलों का सेवन अधिक करना चाहिए साथ ही उन्होंने मासिक धर्म में होने वाली शारीरिक व मानसिक समस्याओं का भी उपचार बताया। उन्होंने कहा कि वह जीवन में पढ़ लिखकर आत्मनिर्भर तो बने ही साथ ही अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहे। अंत में स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न उत्तर कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्राओं ने खुलकर अपनी समस्याएं डॉ. सुष्मित से साझा की। छात्राओ और शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम की जमकर सराहना की और इसे उपयोगी बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समाज सेविका हिना अली, शाला प्राचार्य श्रीमती अर्चना मिश्रा, श्रीमती अंजू गौर, श्रीमती राजकुमारी अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने सिवनी मालवा बीआरसी को हटाया

**सिवनी मालवा।** कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र नर्मदापुरम के आदेश क्र0543 दिनांक 27/02/2024 के द्वारा श्रीमती संगीता यादव (मूलपद उमाशि) को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के पद पर जनपद शिक्षा केन्द्र सिवनी मालवा में प्रतिनियुक्ति पर लिया गया था। कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम के पत्र क्र0/3459/ सतर्कता/2024 दिनांक 28/11/2024 एवं पत्र क्र0 3708 दिनांक 19/12/2024 के संदर्भ में तया जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा समय-समय पर श्रीमती संगीता यादव के द्वारा बीआरसी को जारी कारण बताओ सूचना पत्र के प्राप्त जबाव समाधान कारक न पाये जाने की स्थिति में एवं संबंधित के पदीय कर्तव्यो के निवर्हन करने में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने स्थिति में एवं वरिष्ठ कार्यालय के आदेश/निर्देशो का पालन न करने की स्थिति में श्रीमती संगीता यादव (मूलपद उमाशि) की विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के पद, जनपद शिक्षा केन्द्र सिवनी मालवा से प्रतिनियुक्ति समाप्त की जाती है। तथा निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल अपनी उपस्थिति कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम में देना सुनिश्चित करें। बीआरसी पद के प्रभार सौंपे जाने के संबंध में पृथक से निर्देश जारी किये जावेंगे। सूत्रों की माने तो सिवनी मालवा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने कारण जनप्रतिनिधियों ने कई बार इस बात की शिकायत नर्मदा पुरम के उच्च अधिकारियों से लेकर मंत्री तक की गई थी।

## एसडीएम ने सीएमओ, अध्यक्ष एवं पार्षदो के साथ बैठक कर नगर की समस्याओं पर चर्चा की

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नवागत एसडीएम सौरभ गंधर्व एवं तहसीलदार विवेक व्यास ने नगर की व्यवस्थाओं के सुधार के लिए नगर परिषद में सीएमओ, नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ बैठक की गई। जिसमें मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की गई साथ ही तारादेही सडक मार्ग वार्ड क्रमांक 11 में नाले के उपर वन विभाग से सहमति लेकर दुकानों के निर्माण के संबंध में चर्चा की गई, पूर्व स्थित कांजी हाउस में निर्माणाधीन दुकानों के निर्माण के संबंध में चर्चा की गई साथ ही बस स्टैंड से कालेज तक रोड निर्माण के पूर्व मरम्मत पर बातचीत की गई। जामुनखेड़ा मार्ग पर मुक्तिधाम की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर मुक्तिधाम के निर्माण पर चर्चा, गीता भवन के निर्माण के लिए भूमि का चिन्हाकन करने पर चर्चा, मुख्य सडक मार्ग पर लगने वाले हाथ ठेला दुकानों के स्थान का चिन्हाकन एवं सडक पर होने वाले अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था में सुधार पर चर्चा की गई, बस स्टैंड के पीछे तरफ खाली पडी जगह में चैपाटी एवं सब्जी के ठेलों को स्थानांतरित करने की बात कही गई। बैठक में सीएमओ प्रेमसिंह चैहान, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेष जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, दीपक कोष्टी, गोविंद यादव के अलावा पार्षद शामिल रहे।



## यातायात पुलिस ने नियम विरुद्व चल रहे वाहनों पर की कार्रवाई

■ ऑटो चालकों को ओवरलोडिंग न करने की दी समझाइश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम. पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व मे चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यातायात, साइबर और नशे के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न स्कूलो में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये आज 50 ट्रैक्टर ट्रालियों में आगे और पीछे रेडियम पट्टी लगाई गई है।यातायात पुलिस द्वारा गुरुवार को बिना हेलमेट वाले और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। यातायात के अधिकारियों द्वारा शहर के अलग अलग स्थानों पर कार्यवाही की गई। चालानी कार्यवाही के दौरान कुल वाहनों में कमियां पाए जाने पर 27 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई और इनसे कुल रुपए 11900 जुर्माना वसूल किया गया। यातायात पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को स्कूली बच्चों के परिवहन के संबंध में आवश्यक नियमों का पालन करने और ओवरलोडिंग नहीं करने के संबंध में जागरूक किया गया। बताया गया कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर अब यातायात पुलिस इस संबंध में वैधानिक कार्यवाही कर जुर्माना लगाएगी। यातायात पुलिस नर्मदापुरम की ऑटो चालकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, बच्चों को आगे न बैठायें, बच्चों का कोई भी अंग वाहन के बाहर न हो, ओवर लोडिंग न हो तथा चालक का लाइसेंस और ऑटो के आवश्यक कागज साथ ले कर चलें।



### मुख्य मार्ग से जनपद पंचायत में धूल मिट्टी से परेशान लोगों ने दिया सीएम के नाम ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** नगर के मुख्य मार्ग से जाने वाले खकरिया मार्ग मैं धूल उड़ रही है यह मार्ग 3 वार्ड 8,9,10 से होकर गुजरता है इस मार्ग की दुर्दशा के शिकार वार्ड के वाशिंदे धूल मिट्टी से हैरान परेशान है। लगभग 1 वर्ष से यह रोड उखाड़ कर धूल मिट्टी में तब्दील हो गया है जिसके कारण लोगों का जीना दुभर हो गया है नगर परिषद इस मार्ग को बनाने में बजट न होने की बात कर समस्या का समाधान नहीं कर पा रही है जिसके कारण लोगों में नगर परिषद के प्रति आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है इसी मामले को लेकर मंगलवार को वार्ड क्रमांक 9 के सैकड़ो लोगों ने समस्या के समाधान के लिए जनपद पंचायत में हुई जनसुनवाई में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सोपा है ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बस स्टैंड से जनपद कार्यालय तक पूरा रोड खराब है जो की वार्ड क्रमांक 9 से होकर जाती है जो बहुत जर्जर है जिसमें भारी वाहनों के चलने से अधिक मात्रा में धूल उड़ती है और वायु प्रदूषण होता है जिससे सांस लेने में कठिनाई होती हैं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## रोहना हासे स्कूल में जनकल्याण महोत्सव अंतर्गत करियर काउंसलिंग का आयोजन

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

लोक शिक्षण संचानालय मप्र भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार शास. उ. मा. वि. रोहना में जनकल्याण महोत्सव के अंतर्गत केरियर काउंसलिग का आयोजन किया गया। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा नियुक्त केरियर काउंसलर संदीपन नीखर प्राचार्य शास. सीएम राइज स्कूल पवारखेड़ा एवं अजय पात्रीकर प्राचार्य शास. हाई स्कूल शैल के द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को उनके जीवन के केरियर अवसर के बारे में सराहनीय मार्गदर्शन दिया। पात्रिकर ने छात्रों को कक्षा दसवीं के बाद विषय के चुनाव एवं उससे संबंधित करियर के बारे में अवगत कराया और कक्षा 12वीं के पश्चात उनके लिए उपलब्ध अवसरों तक पहुंचने के लिए सही मार्ग के जानकारी दी। संदीपन नीखर ने छात्रों को यूनिसेफ के द्वारा प्रदत्त कार्डों के माध्यम से किसी एक क्षेत्र में कितने अधिक अवसर उपलब्ध हो सकते हैं, की जानकारी दी।



### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाया और नारेबाजी की



**नर्मदापुरम।** संसद में देश के गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान का विरोध दर्ज कराते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नगर के हलवाई चौक पर गृह मंत्री का पुतला दहन कर उनसे माफी मांगने और इस्तीफा देने को लेकर नारेबाजी की । इसके बाद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गृहमंत्री का पुतला फूंकने के दौरान जलते हुए पुतले को पुलिस पैरों से बुझाती नजर आई । प्रदेश सचिव युवक कांग्रेस रोहन जैन ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह ने 17 दिसंबर को कहा अभी अंबेडकर का नाम लेने का फैशन चल गया है। जितना नाम अंबेडकर का लिया जा रहा अगर इतना नाम भगवान का लिया होता तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस बयान के बाद विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी से शाह को बर्खास्त करने की मांग की। विपक्ष गृहमंत्री से माफी की मांग को लेकर दो दिन से देश भर में प्रदर्शन कर रहा है।

**मेट्रो एंकर** पीएम केन्द्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव का हुआ आयोजन

## सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, विजेताओं को दिए पुरस्कार

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सिवनी मालवा में गुरुवार के दिन वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सरोज सिंह परिहार एसडीएम, सिवनी मालवा एवं विशिष्ट अतिथि अनुराग पथक, क्रीड़ा अधिकारी, कुसुम महाविद्यालय एवं मोहनलाल राठौर, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय की गरिमा मयी उपस्थिति रही द्य इस दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का विद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वागत किया गया। एसडीएम द्वारा मार्च पास्ट का निरीक्षण किया गया एवं सलामी ली गई द्य तत्पश्चात छात्र अंबर यादव द्वारा सभी प्रतिभागियों को खेल शपथ दिलवाई गई द्य आयोजन को आगे बढ़ाते हुए मशाल प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई द्य छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिनमें नृत्य तथा योग शामिल हैं द्य तत्पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किया गया द्य इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे द्य विद्यालय की स्नातकोत्तर शिक्षिका श्रीमती अलका बाजपेयी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया द्य विद्यालय के खेल शिक्षक ललित पवार एवं प्राचार्य मोहनलाल राठौर के मार्गदर्शन में वार्षिक खेल उत्सव का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### कोच अंपायर सेमिनार में क्रिकेट की बारीकीयां एवं नियमों की व्याख्या की



**नर्मदापुरम।** संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि अंपायर एवं कोचेस सेमिनार में भोपाल से पधारे कृष्ण गोपाल शर्मा के द्वारा अंपायर्स की क्रिकेट की बारीकियां एवं नियमों की व्याख्या की गई। अंपायर सेमिनार के अभ्यर्थी इमरान खान, उत्तम रघुवंशी, अंकिता कृतिका चारवे, फजल खान, गजेंद्र सोलंकी, हितेश हनोतिया, बृजेश यादव, उत्तम रघुवंशी, धीरज करैया, लक्की तोमर, करण वर्मा आदि ने भाग लिया। संभाग स्तरीय कोच कार्यशाला भी संपन्न हुई। जिसमें त्रिपुरा क्रिकेट संघ के एवं एन ई एस कोलकाता के सेवा निवृति डायरेक्टर डॉक्टर पल्लव दास गुप्ता के द्वारा नए खिलाड़ियों को सिखाने बाली सभी क्रिकेट की बारीकियों की व्याख्या की गई। अभ्यर्थी नीरज गौर, श्रीमति वर्षो पटेल, अचला दुबे, शिवानी संतोरे, अनिकेत परमार, हितेश हनोतीया, चंदन, अभिषेक संतोरे, पुनीत संतोरे, सफीक खान, मिन्नटू राजपूत आदि ने भाग लिया। तरूण रावत खेल अधिकारी के खेल मनोविज्ञान पर उद्बोधन दिया। दोनों सेमिनार के समापन के अवसर पर सभी कोचेस एवं अंपायर्स को अतिथिगण कपिल फौजदार, डॉक्टर पल्लव दास गुप्ता एवं सतीश कुमार (एम पी सी ए) द्वारा टी शर्ट वितरित की गई। राजेश चौरे, संजय नाफड़े, चेतन राजपूत, संजय यदवंशी, रामकृष्ण चौरे, इमरान खान सहित संगठन के सभी सदस्य एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### एसबीआई बैंक लिंक रोड शाखा की मनमानी से ग्राहक परेशान

# सीएम की लाडली बहनों को राशि पाने के लिए करना पड़ रहा है चक्काजाम

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



कई दिनों से लिंक रोड पर संचालित होने वाली एसबीआई बैंक से लाडली बहनों को राशि निकालने के लिए एड़ी चोटी जो लगाना पड़ रहा है। इसके बाद भी इनकी सुनवाई नहीं हो पा रही है अब इनको इस बैंक से राशि निकालने के लिए चक्का जाम भी करना पड़ा कई दिनों से इनकी सुनवाई नहीं हो रही है जिससे नाराज होकर लाडली बहनों और उनके पति गुरुवार को एसबीआई बैंक के सामने लिंक रोड पर सड़क पर अपने वाहन रखकर चक्का जाम करते हुए लाडली बहन है और इनके पति सड़क पर ही बैठ गए इन इन्होंने बैंक के स्टॉप के खिलाफ जमकर नारेबाजी की काफी देर तक इनका प्रदर्शन चल इसके कारण सड़कों के दोनों और वाहनों की कतारें लग गई। वही इनके प्रदर्शन की सूचना के बाद एसडीएम हर्षल चौधरी ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को भेज कर चक्काजाम खत्म करवाया एसडीएम ने मैनेजर को ग्राहकों के काम को भी करवाने के निर्देश दिए इसके बाद गेट के ताले खुले काम भी प्रारंभ किया गया।इससे पहले 10,30 बजे के करीब बैंक में काम करवाने आई बहनों को काम करने से मना किया तो इन्होंने नाराज होकर सड़क पर जाम लगा दिया इसके चलते सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी गई थी उनके द्वारा किसी के वाहन को भी निकलने नहीं दिया जा रहा था। इनका गुस्सा भी जायज था क्योंकि इनकी सुनवाई नहीं हो रही थी बैंक के गेट भी इनके लिए गेट भी नहीं खुल रहे थे। बिगत कई दिनों से बैंक के चक्कर लगा लगा कर परेशान हो चुके इस बात से नाराज होकर उन्होंने अपना प्रदर्शन प्रारंभ करके अपनी समस्या को दूर करवाने की मांग रखी तब जाकर कुछ सुनवाई हुई। वही रामकली, राधा बाई ,राजकुमारी आदि ने बताया कि तीन दिनों से प्रतिदिन बैंक मैं काम करवाने वाले के लिए आ रहे हैं पर बैंक के अंदर हमें जाने नहीं दिया जाता-हैं हमारा काम नहीं किया जा रहा है केवाईसी नहीं होने से खाता बंद है इस वजह से हम लोग लाडली बहन योजना की राशि भी नहीं निकाला पा रहा है। कई महिलाओं को खाते बंद हो जाने से उनको चालू करवाने के लिए हम लोग कड़ाके की सर्दी में सुबह 10 बजे से पहले लाइन लग जाते हैं। इसके बाद भी हमें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा हमारा काम करने से मना कर देते हैं। हम लोग को मजबूरी में चक्का जाम करना पड़ा इधर एसडीएम के निर्देशो तथा ग्राहकों के प्रदर्शन के बाद शाखा प्रबंधक कंट्रोल रूम में जानकारी देकर केवाईसी करवाने के लिए स्टॉप मांगा और कार्य भी प्रारंभ तब जाकर प्रदर्शन शांत हुआ दूसरी ओर एसबीआई बैंक लिंक रोड में उपभोक्ताओं के खातों का केवाईसी गुरुवार और मंगलवार किया जा रहा है इस वजह से और भी ज्यादा हालत खराब हो रहे हैं। इन दिनों में भी काम नहीं होने से और स्थिति बिगड़ रही है। इस काम को यदि प्रतिदिन किया जाता तो ऐसे हालात भी नहीं बनते ग्राहक भी बैंक के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो गए हैं लंबी-लंबी करें बैंक में लग रही है फिर भी जिम्मेदार नींद में से जाग नहीं रहे हैं।

### बैंक स्टाफ की मनमर्जी से लोग परेशान

लिंक परि स्थित एसबीआई बैंक में पदस्थ अधिकांश स्टाफ का व्यवहार उपभोक्ताओं के प्रति अच्छा नहीं रहता है। दूसरी ओर छोटे खातों वाले उपभोक्ताओं के साथ गलत व्यवहार भी किया जाता है इनके काम करने की जगह चार बातें करके इनको चलात कर दिया जाता है, इस वजह से यहां पर काम बढ़ रहा है यदि समय पर बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं के कामों को स्टाफ के द्वारा पूरे समय बैंक में रहकर इनके कामों किया जाता तो ऐसे हालात निर्मित नहीं होते अधिकांश स्टाफ समय पर नहीं आता इस वजह से परेशानी बढ़ रही है जो स्टाफ आता है उसके अपने काम को एक दूसरे पर डालकर काम चोरी की जाती है। जिन उपभोक्ताओं के पैसों से इनका वेतन मिलती है उनके कामों को भी नहीं कर रहे है।, इस वजह से बैंक के प्रत्येक लोगों में आक्रोष व्याप्त हो रहा है एवं ग्राहकों की संख्या मैं भी गिरावट हो रही है पर जिन लाडली बहनों की राशि इस बैंक में आई उनको मजबूरी में इस बैंक के खातों को चालू करवाना पड़ा उसके लिए इन्हें सुबह लेकर शाम तक इंतजार करना पड़ता है फिर भी इनका काम नहीं हो रहा है।अब देखना है कि व्यवस्था में सुधार होगा या फिर स्टाफ की मनमानी उपभोक्ता इसी तरह परेशान होते रहेंगे।

**इनका कहना है**

"स्टेट बैक में मंगलवार और गुरुवार के दिन केवाईसी होती है। स्टाफ की कमी के कारण हम लोगों को भी काफी दिक्कत हो रही थी कंट्रोल रूम से स्टाफ आ गया था, इसके बाद केवाईसी का कार्य शुरू करवाया गाया।"
–जितेंद्रसिंह, शाखा प्रबंधक एसबीआई लिंक रोड सिरोंज

## विधायक ने ध्यानाकर्षण लगाकर मझले टोले से गांव में तब्दील हुए किसानों को दिलवाई सम्मान निधि

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



लंबे समय से एक दर्जन के करीब ग्राम के किसानों को सम्मान निधि की राशि नहीं मिल पा रही थी जिसको लेकर विधायक उमाकांत शर्मा विधानसभा में ध्यान आकर्षण लगाकर इनको हक दिलवाने का काम किया है इसके बाद किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई।

विकासखण्ड सिरोंज एवं विकासखण्ड लटेरी के 28 ग्रामों के 1378 कृषकों को 27.56 लाख की राशि से मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना का मिला लाभ दिलवाने का कार्य किया है। इन ग्राम के कृषक कई महीनों से परेशान हो रहे थे कहीं से कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। वही मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के कृषकों को ग्रामों के कोड परिवर्तन होने के कारण किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसकी जानकारी विधायक उमाकांत शर्मा को जनसंपर्क दौरा के दौरान इन्होंने बताई थी इसके उपरांत विधायक शर्मा ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया था फिर भी योजना का लाभ नहीं मिला तो विधानसभा में तारांकित प्रश्न क्र. 446 लगाकर 17 दिसंबर को रखते हुए विकासखण्ड लटेरी के 16 ग्राम तथा विकासखण्ड सिरोंज के 12 ग्रामों के कृषकों को मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना का लाभ दिलवाने हेतु मंत्री ध्यान आकर्षित किया उक्त प्रश्न में दिनांक 17 दिसंबर को विधानसभा की चर्चा में भी आया था तथा तारांकित प्रश्न पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को विकासखण्ड लटेरी के 549 कृषकों को 10.98 लाख तथा विकासखण्ड सिरोंज के 829 कृषकों को 16.98 लाख कुल 1378 कृषकों को 27.56 लाख की राशि का कृषकों को मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजनांतर्गत आहरण हो गया है। उक्त सभी 28 ग्रामों को जो कि पूर्व मजरा-टोला थे उनके पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा जी द्वारा 2013 में राजस्व ग्राम का दर्जा दिलवाया गया है।

उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पूर्व में इन ग्रामों के कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा था इस संबंध में भी विधायक ने शासन को पत्राचार कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ कृषकों को दिलवाया था।

### चार लाख रूपए की आर्थिक मदद जारी

**सिरोंज।** गुनगा विदिशा आरबीसी के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक मदद के आदेश विदिशा एसडीएम के द्वारा जारी कर दिए गए है। ज्ञातव्य हो कि विदिशा शहरी तहसीलदार के पालन प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में आर्थिक मदद जारी की गई है तदानुसार बैरसिया तहसील के ग्राम गुनगा निवासी सुरेन्द्र साहू पुत्र बद्रीप्रसाद साहू की मृत्यु बेतवा नदी में डूबने से हो जाने के कारण मृतक की पत्नि रानी साहू को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता जारी की गई है।

## आवारा मवेशियों ने सडकों पर डाला डेरा, वाहन चालक परेशान, घटित हो सकती है

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



मुख्य मार्गो पर इन दिनों आवारा मवेषियों ने डेरा डाल रखा है जिससे कभी भी कोई बडी दुर्घटना हो सकती है । सबसे ज्यादा आवारा मवेषी कष्टम पथ बासोदा नाका तहसील रोड व अन्य मोर्गे पर आवारा मवेषी बैठे दिखाई देगे जिससे आये दिन चार पाहिया वाहन टेक्टर मोटर साइकल वाले काफी परेषान है।

आवारा मवेषी बीच सडक पर झूड बनाकर डेरा डाल लेते है जिससे वाहन चालक हार्न बजा बजा कर थक हार कर नीचे उतर कर सडक से हटाता है जब जाके वाहन निकल पाते है । इस और नगर पालिका ध्यान नही है और आवारा मवेषियों को गौषाला नही भेजा जा रहा है । ग्रामीण क्षेत्रो को जाने वाले मार्गो की सडक पर इन दिनों मवेषियो का जमावडा लगा रहता है जिससे वाहन चालकों की समस्या उठानी पड रही है तथा दुर्घटनाओं की आषंका भी बनी रहती है । वाहन चालको की समस्या रात के समय कई गुना बढ जाती है क्यो कि रात के समय इनकी संख्या अधिक हो जाती है ये आवारा मवेषी किसी ऐसे पषुपालक के नही है कि जिसने थोडी देर के लिए उन्हे छोडा है बल्कि ऐसे पषुपालकों के है जिन्होने पषुपालन में आ रही विभिन्न परेषानियों के कारण मवेषियों को हमेषा हमेषा के लिए छोड दिया है तथा पषुपालन से तौबा कर ली। कुछ आसपास के किसानो ने मवेषियों को इकठ्ठा कर दूसरे ग्रामो से लाकर नगर में छोड दिया जाता है जिससे नगर के लोगो को परेषान होते है ।

## प्रशांत पालीवाल ने मंदिर की बांउड्रीवॉंल निर्माण के लिए दी 3 लाख की राशि

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



गुरुवार को मुगलसराय क्षेत्र से जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता पंडित प्रशांत पालीवाल ने स्वयं की तरफ से ग्राम मुगलसराय में संत शिरोमणि अहिरवार समाज मंदिर की बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 300000 की राशि देने की घोषणा की तथा मां शीतला मंदिर के लिए भी निजी तर पर 100000-रु निर्माण के लिए देने की बात कही श्री पालीवाल के द्वारा सरकारी मदद की जगह पर अपनी तरफ से ही सामाजिक कार्यों से लेकर जरूरतमंदों की सहायता करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। पंडित प्रशांत पालीवाल ने बताया कि मंदिरकी बाउंड्री वॉल बनवाने के लिए मैंने अपनी निजी तौर पर राशि दी है सरकार से इसमें कोई सहयोग नहीं लिया जाएगा सामाजिक क्षेत्र में कार्य करना मुझे अच्छा लगता है। समाज सेवा की भावना को लेकर काम कर रहा हूं आगे भी जरूरतमंदों की मदद जितनी होगी उतनी करने का प्रयास करूंगा।

### स्वच्छ भारत मिशन सफाई मित्र संगठन नें सीएमओ को सौपा आवेदन



**सिरोंज** । स्वच्छ भारत मिषन सफाई मित्र संगठन के प्रदेष कार्यकारणी सदस्य नीरज करोसिया नें नगर पालिका सीएमओं रामप्रकाष साहू को एक आवेदन दिया जिसमें उन्होने बताया कि वर्ष 2020.2021 में कोरोना महामारी में जिन 10 सफाई कर्मचारियों ने अपनी जिंदगी की परवाह न करते हुए अपनी जान जोखिम में डालकर सफाई करी । कार्यालय द्वारा द गई दवाईयों को छिडकाव करा जिसके उपरांत ढेड वर्ष बाद उनको कार्य से हटा दिया गया । जो कि उनके भविष्य से अन्याय हुआ । पूर्व में भी पून: रखने के कई बार आवेदन दिया जा चुका है । आवेदन में मांग की गई है कि उन 10 सफाई कर्मचारियों को देयनीय स्थिति को देखते हुए उन्हे पून: सफाई कार्य पर रखा जावे ।

### अवैध खनिज गिट्टी परिवहन करते डम्पर जप्त



**सिरोंज।** राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार विदिशा जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर सतत नजर रखते हुए कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा जिले में अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन की जानकारियां प्राप्त करने के लिए विशेष सूचना तंत्र उन्नत किया गया है। कलेक्टर के निर्देशो पर खनिज विभाग सहित अन्य विभागो के अधिकारियों द्वारा क्षेत्रो के भ्रमण दौरान आकस्मिक जांच पड़ताल की जा रही है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो पर जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत पूरी टीम के साथ शमशाबाद क्षेत्र में आकस्मिक जांच पड़ताल के उद्धेश्य से भ्रमण के दौरान डम्पर क्रमांक सीजी 08एई 1992 द्वारा गौण खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित डम्पर को जप्त कर पुलिस थाना शमशाबाद के प्रागंण में पुलिस अभिरक्षा में रखवाया गया है।

### मुरवास थाने में जप्त 12 लावारिस दो पहिया वाहनों की जल्द ही नीलामी की जाएगी




**सिरोंज।** न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी लटेरी जिला विदिशा मध्य प्रदेश के पालन में मुरवास थाना प्रभारी द्वारा प्रेस नोट जारी कर अवगत कराया गया है कि पुलिस थाना प्रभारी थाना मुरवास द्वारा 25 पुलिस एक्ट के तहत 12 लावारिस दो पहिया वाहनों को जप्त किया गया उक्त वाहनों के वाहन स्वामी की जानकारी हेतु सोशल मीडिया एवं समाचार पत्र के माध्यम से लावारिस वाहनों की जानकारी ली गई एवं आर एम किया गया परंतु कोई भी वाहन स्वामी थाना में उपस्थित नहीं हुए लावारिस दो पहिया वाहनों को थाना रिकॉर्ड में देखा गया न तो कोई वाहनों के वाहन स्वामी उपस्थित हुए हैं तथा भविष्य में उपस्थित होने की संभावना भी नहीं है उक्त जप्त शुदा दो पहिया वाहनों को थाना परिसर में रखा गया है तथा लावारिस वाहनों को राजसात कर नीलामी की कार्रवाई किए जाने का उल्लेख किया गया है।

### कडकडाती ठंड में अलाव बने सहारा



**सिरोंज** । लगातार बदलते मौसम के चलते आसमान में बादल छाने के कारण सिरोंज सहित समूचे क्षेत्र में षीत लहर के चलते कडाके की ठंड पड रही है । कडाके की ठंड से निजात पाने के लिए लोग अलाव जलाकर सर्दी पर काबु पा रहे है वही षीत लहर का प्रकोप जारी है व अल सुबह से ही कोहरा छाने के कारण पूरे दिन कडाके की ठंड पडती रही जिससे लोग अलाव जलाकर लोग हाथ सेकते नजर आये । वही सर्दी के कारण लोग अपने अपने अलाव अलग अलग जलाकर हाथ सेकते नजर आये । वही नगर में नपा द्वारा कुछ ही स्थानो पर अलाव जलावाए जा रहे है ।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने निर्माण कार्यो को क्रियान्वित कराने वाले विभागो की संयुक्त समीक्षा बैठक में कहा

# निर्माणाधीन कार्य पूर्ण गुणवत्तापूर्ण हों ताकि मरम्मत की जरूरत ना पड़े

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निर्माण कार्यो को क्रियान्वित कराने वाले विभागो की संयुक्त बैठक आयोजित कर विभागवार संपादित किए जाने वाले निर्माण कार्यो की अद्यतन जानकारियां ली। जिसमें मुख्य रूप से सडको, भवनो, पुल-पुलियों का निर्माण शामिल है।

कलेक्टर श्री सिंह ने मासिक निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण परियोजना एक एवं दो के तहत संपादित किए जा रहे कार्यो के संबंध जानकारी दी गई। मध्यप्रदेश सडक विकास निगम भोपाल संभाग के अंतर्गत विदिशा जिले की प्रगतिरत सडको के कार्यो, बंटीनगर से अंहिसा बिहार नगर पर फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण, बासौदा गुरोद सोमवारा, ऐंचदा, इमलानी, सिरोंज सडक के निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति तथा नेशनल हाईवे सडको के रख-रखाव तथा नवीन सडको का निर्माण कार्य और लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल के द्वारा विदिशा जिले में संपादित किए जा रहे पुल-पुलियों के निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई है इसके अलावा मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड, एमपीबीडीसी, पीडब्ल्यूडी बिल्डिग वर्क और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग विदिशा के अद्यतन कार्यो की समीक्षा की गई है।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माण कार्यो को संपादित कराने वाले विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है वह पूर्ण गुणवत्ता से हो ताकि मरम्मत की जरूरत ना पडे। उन्होंने निर्माण कार्यो का सतत भ्रमण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा निर्माण संबंधी सभी कार्यो के लिए गाइड लाइन के अनुसार पूरा सहयोग मिलेगा बशर्त ऐजेन्सियां भी समय सीमा में कार्यो का संपादन करें ताकि किसी भी निर्माण कार्य के लिए रिवाइज स्टीमेंट की आवश्यकता ना पडे। जिन निर्माण कार्यो को सीएम ए प्लस मानिटरिंग में रखा गया है उन कार्यो पर सतत नजर रखे और समय सीमा में पूरा कराएं। भारत सरकार के द्वारा जिन निर्माण कार्यो के लिए राशि दी जा रही है उसका उपयोग समय सीमा में कर उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि आगामी राशि प्राप्त हो सकें।

कलेक्टेव्ट के बेतवा सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई इस बैठक में पूर्व उल्लेखित विभागो के कार्यपालन यंत्री समेत अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे

# भारत-पाकिस्तान की टीमें एक-दूसरे के देश में नहीं खेलेंगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान की टीमें एक-दूसरे के देश में जाकर क्रिकेट नहीं खेलेंगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे। पाकिस्तानी टीम भी 2027 तक किसी भी टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। आईसीसी की इस फैसले की जानकारी सामने आई। मीटिंग में यह फैसला पहले ले लिया गया था। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है। इससे पहले जब ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को हाइब्रिड मॉडल में कराने की बात पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बताई थी, तब आईसीसी के सामने भारत में टीम न भेजने की मांग रखी थी, जिसे अब आईसीसी ने मान लिया है।




**2028 विमेंस वर्ल्ड कप पाकिस्तान में:** बोर्ड ने कन्फर्म किया कि विमेंस वर्ल्ड कप 2028 पाकिस्तान में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भी भारतीय और पाकिस्तान की महिला टीम के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे।

**सभी 15 मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए माने:** आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह की मौजूदगी में 5 दिसंबर को सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग हुई थी। शाह इसी महीने दुबई स्थित हेडक्वार्टर भी पहुंचे थे। मीटिंग में सभी 15 बोर्ड मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए मान गए। पाकिस्तान ने भी मीटिंग में फैसले का विरोध नहीं किया। भारत के साथ ट्राई सीरीज कराने की मांग की भविष्य में भारत के साथ किसी न्यूट्रल वेन्यू पर ट्राई सीरीज कराने की मांग की, लेकिन दोनों बोर्ड ने इस पर हामी नहीं भरी।

भारत और पाकिस्तान के बीच 2012 से कोई सीरीज नहीं हुई है, दोनों टीमें टूर्नामेंट में ही भिड़ी हैं। भारत में कोई टूर्नामेंट हो तो उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर हों पाकिस्तान की यह मांग आईसीसी ने मान ली है। अब भारत में कोई टूर्नामेंट होगा तो पाकिस्तानी टीम के मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। हालांकि पीसीबी ने पहले कहा था कि भारत में सिक्योरिटी को लेकर कोई परेशानी नहीं है, इसलिए पाकिस्तान के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर न हों। चैंपियंस ट्रॉफी के 5 मैच पाकिस्तान से छीने गए, इसके लिए कॉम्पेनसेशन भी मांगा, इस डिमांड को पहले ही मान लिया था। भारत के ग्रुप में नहीं रहना चाहता पाकिस्तान यह भी डिमांड रखी कि अगर भारत न्यूट्रल वेन्यू पर ही खेलना चाहता है तो पाकिस्तान को उसके ग्रुप से अलग कर दिया जाए, ताकि पाकिस्तान अपने सभी ग्रुप मैच होम ग्राउंड पर ही खेले, लेकिन आईसीसी और बीसीसीआई के साथ ब्रॉडकास्टर्स ने भी उनकी इस मांग का विरोध कर दिया।




# अश्विन बोले, हर खिलाड़ी का समय खत्म होता है

**ब्रिस्बेन. एजेंसी**

भारतीय टीम के 38 वर्षीय दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच के बाद चौंकाने वाला फैसला लेते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। सभी की नजरें भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के परिणाम पर थी। लेकिन बारिश के कारण पहले सत्र के बाद खेल संभव नहीं हुआ और मैच ड्रॉ हो गया। मैच समाप्त होने के बाद अश्विन ने घोषणा करते हुए कहा कि वह तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर अश्विन ने सीरीज के बीच संन्यास क्यों लिया? दरअसल, अश्विन अब कोच गौतम गंभीर की रणनीति में फिट नहीं बैठ रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि जब टीम को उनकी कोई जरूरत नहीं है तो इस खेल को अलविदा कहना ही सही फैसला है।

### मैंने एडिलेड टेस्ट तक रुकने को कहा था-रोहित

हम 14 साल तक संग खेले हैं। जब उन्होंने मुझे बताया कि वह संन्यास ले रहे हैं तो मैं भावुक हो गया। मेरे दिमाग में वो पल आने लगे, जो हमने साथ बिताए थे। अश्विन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में मौका नहीं दिया गया था। इससे अश्विन काफी खफा थे और उन्होंने उसी समय तय कर लिया था कि वह संन्यास की घोषणा कर देंगे, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा के समझाने पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। मामला तब बिगड़ गया जब अश्विन को ब्रिस्बेन टेस्ट के लिए भी अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। रोहित ने अश्विन के संन्यास पर कहा, पर्थ टेस्ट के दौरान जब मैं टीम के साथ जुड़ा तो अश्विन ने मुझे बताया कि वह संन्यास लेना चाहते हैं। अश्विन ने कहा कि यदि इस सीरीज में टीम को मेरी जरूरत नहीं है तो बेहतर है कि मैं इस खेल को अलविदा कह दूं। लेकिन मैंने उनसे कहा कि वह एडिलेड टेस्ट तक रुक जाएं।

### विराट से बात की, भावुक हुए

तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन सुबह जब बारिश के कारण मैच रुका था, तब ड्रेसिंगरूम में विराट और अश्विन के बीच काफी देर बात हुई। इस दौरान अश्विन भावुक हो गए और अपने आंसू पोंछने लगे। विराट ने भी उन्हें गले से लगा लिया। ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है। अश्विन ने तत्काल प्रभावस से संन्यास लेने का फैसला टीम प्रबंधन से नाराज होने के कारण लिया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अश्विन सबसे सीनियर स्पिनर हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सिर्फ एक टेस्ट खेलने का मौका मिला है। पहले टेस्ट में वाशिंगटन सुंदर व तीसरे टेस्ट में रवींद्र जडेजा को मौका दिया। अश्विन का मानना था कि यदि उन्हें बेंच पर ही बैठना है तो इससे अच्छा है कि वह घर लौट जाएं।

# लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की तैयारी अभी से की शुरू

**पेरिस, एजेंसी**



2024 के पेरिस खेलों में 65 पदकों के साथ पदक तालिका में सातवें स्थान पर रहने वाले ब्रिटेन ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। रिपोर्ट के तहत, ब्रिटेन 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए 3563 करोड़ रुपए निवेश करेगा, जिसका लाभ 50 खेलों को मिलेगा। साथ ही एथलीट परफॉर्मेंस अवॉर्ड की राशि भी दी जाएगी, जिससे कुल 4319 करोड़ रुपए खेलों और खिलाड़ियों के हित में खर्च किए जाएंगे। 5 नए खेलों को भी मिलेगा फंड... लांस एंजिलिस ओलंपिक में बेसबॉल/ सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, पैरा-क्लाइम्बिंग और स्क्वैश जैसे नए खेल भी शामिल हैं। ब्रिटेन इनकी तैयारी पर भी खर्च करेगा।

# ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल को हराकर किरन ने जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल. दोपहर मेट्रो**

### निशानेबाजी: 50मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में जमाई धाक

भारतीय नेवी के निशानेबाज किरन अंकुश जाधव 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियन बने। उन्होंने पुरुषों की 50मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। जाधव ने फाइनल में 465.8 अंक हासिल किए और शीर्ष पर रहे।



वहीं, रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वप्निल कुसाले 451.8 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले, अंकुश ने क्वालीफिकेशन राउंड में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष निशानेबाजों को पीछे छोड़ा था। वह 593 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे हैं। वहीं, मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले ओलंपियन ऐश्वर्या प्रताप सिंह 463.1 अंक के साथ फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे।

# रूट ने एक सप्ताह में ब्रूक से छीनी नंबर-1 की कुर्सी

**दुबई. एजेंसी**

इंग्लैंड के जो रूट एक बार फिर टेस्ट क्रिकेट में नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। रूट ने एक सप्ताह में ही अपने साथी खिलाड़ी हैरी ब्रूक से नंबर एक की कुर्सी छीन ली है। आइसीसी की ताजा जारी टेस्ट रैंकिंग के अनुसार, रूट नंबर एक पर पहुंच गए हैं, ब्रूक दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल चौथे नंबर पर कायम हैं। विराट कोहली 20वें और रोहित शर्मा 30वें नंबर पर हैं। टी-20 में अकील बने शीर्ष गेंदबाज- वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन टी-20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज बन गए हैं। उनके 707 रेटिंग अंक हो गए हैं। वे इंग्लैंड के आदिल राशीद को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचे हैं। श्रीलंका के हसारंगा तीसरे नंबर पर हैं। भारत के अर्शदीप सिंह टी-20 रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# कबीर ने धर्मा प्रोडक्शंस के साथ मिलाया हाथ, फिल्म के लिए विक्की और सलमान के बीच कांटे की टक्कर

कबीर खान ने करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ हाथ मिलाया है। वह एक एक्शन थ्रिलर पर काम कर रहे हैं। वहीं, इसकी कास्टिंग को लेकर सामने आई रिपोर्ट ने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया है। कबीर खान अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस रहे हैं। बजरंगी भाईजान जैसी यादगार हिट देने के बाद निर्देशक अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ मिलकर एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म फिलहाल अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है। वहीं, इसकी कास्टिंग को लेकर दिलचस्प रिपोर्ट सामने आई है। इसने प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। कबीर खान की नवीनतम परियोजना एक हाई ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर फिल्म होगी, और निर्देशक इसके लिए एक बड़े स्टार की तलाश कर रहे हैं। इतना ही नहीं चर्चा है कि सलमान खान और विक्की कौशल दोनों प्रतिष्ठित भूमिका के लिए दौड़ में हैं। जानकारी के अनुसार, कबीर खान करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ मिलकर एक व्यावसायिक एक्शन फिल्म विकसित कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए कास्टिंग के लिए दमदार उपस्थिति वाले स्टार की जरूरत है और कबीर मुख्य भूमिका के लिए सलमान खान और विक्की कौशल दोनों पर विचार कर रहे हैं। कथित तौर पर दोनों कलाकार इस फिल्म में रुचि दिखा रहे हैं। हालांकि, स्क्रिप्ट के अंतिम मसौदे पर अभी भी चर्चा चल रही है। निर्माताओं को उम्मीद है कि सलमान या विक्की में से कोई एक इसे साइन करेगा और फिल्म के साल 2025 के अंत तक फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। कबीर और करण को भरोसा है कि वे हाई-बजट एक्शन थ्रिलर के लिए दो सितारों में से एक को साइन कर लेंगे। सलमान खान अपनी आगामी फिल्म सिकंदर की शूट में व्यस्त हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के अवसर पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



### 'गदर 2' में इस भूमिका को निभाने से परहेज करना चाहती थीं 'सकीना'

हाल ही में, सिद्धार्थ कन्नन के साथ एक साक्षात्कार में गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा कि फिल्म में सकीना का किरदार निभाने के लिए उनकी यही एक मांग थी कि वह फिल्म में सास की भूमिका नहीं निभाना चाहती थीं क्योंकि इस फिल्म में वह अपने रोल को लेकर चिंतित थीं। गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा अपनी फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर जाने जाते हैं। हालांकि, इस फिल्म के बाद से दोनों के बीच गर्मागर्मी देखने को मिली थी। दरअसल, फिल्म की रिलीज के बाद से दोनों के बीच विवादों ने जन्म लिया। अब हाल ही में, निर्देशक ने बताया कि फिल्म में अमीषा पटेल ने सास की भूमिका निभाने को लेकर चिंतित थीं। हालांकि, बाद में वह सास का रोल निभाने के लिए तैयार हो गई थीं। हाल ही में, सिद्धार्थ कन्नन के साथ एक साक्षात्कार में गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा कि फिल्म में सकीना का किरदार निभाने के लिए उनकी यही एक मांग थी कि वह फिल्म में सास की भूमिका नहीं निभाना चाहती थीं क्योंकि इस फिल्म में वह अपने रोल को लेकर चिंतित थीं। अनिल शर्मा ने कहा, मुझे लगता है कि गदर 2 में सकीना के रोल को उतनी जगह नहीं मिल पाई, जितनी उन्हें गदर 1 में मिली थी। शायद वह उम्र और समाज को समझ नहीं पाईं। उम्र एक ऐसी चीज है कि वह सबको समझ आ जाएगा। अगर एक फिल्म में आप जीते की मां की भूमिका निभाती हैं तो यह स्वाभाविक है कि अगली फिल्म में आपको जीते की पत्नी की सास का रोल भी निभाना पड़ेगा। यह दर्शकों को आसानी से समझ आ जाएगा।

### लोग चाहते थे कि मैं असफल हो जाऊं, अभिनेता अर्जुन कपूर का बड़ा दावा

रोहित शेट्टी की निर्देशित सिंघम अगेन में काम करने को लेकर अर्जुन कपूर बोले, मुझे बहुत खुशी हुई जब रोहित सर ने मुझे बताया कि लोग अब मेरे बारे में बात कर रहे हैं और फिल्म के प्रति मेरी जिम्मेदारी को पहचान रहे हैं। इश्कजादे से दर्शकों के बीच लोकप्रियता बटोरने वाले अभिनेता अर्जुन कपूर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर खूब सुर्खियां बटोरते हैं। हालांकि, अभिनेता अपनी फिल्मों को लेकर ट्रोलिंग का भी शिकार होते हैं। अर्जुन कपूर के करियर में कई फ्लॉप फिल्में रही हैं। ऐसे में अब अभिनेता ने नेगेटिविटी फेस करने पर खुलकर बात की है और कहा है कि लोग चाहते हैं कि वह फेल हो जाएं। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने और क्या कहा है। रोहित शेट्टी की निर्देशित सिंघम अगेन में काम करने को लेकर अर्जुन कपूर बोले, मुझे बहुत खुशी हुई जब रोहित सर ने मुझे बताया कि लोग अब मेरे बारे में बात कर रहे हैं और फिल्म के प्रति मेरी जिम्मेदारी को पहचान रहे हैं। यह एक शानदार पल था क्योंकि लंबे समय से लोग चाहते थे कि मैं असफल हो जाऊं। लोगों से मेरा मतलब है कि जो लोग ट्रोल करते हैं, उन लोगों ने मुझे आसान टारगेट की तरह देखा है। अर्जुन कपूर ने यह भी बताया कि लोगों ने खुद से अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि मेरी कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं तो मुझे कामकरना पसंद नहीं है या सुधार करने में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। लोग का कहना है कि मैं अभिनेता बनने लायक नहीं हूं। लोगों की इन बातों का मुझपर और मेरी हेल्थ पर काफी असर पड़ा था। इसके बाद मुझे समझ आया कि लोगों के लिए मैं एक सॉफ्ट टारगेट हूं, जिसके बारे में लोग कुछ भी कह सकते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अर्जुन कपूर की पिछली फिल्म सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप थी।





**मेट्रो बाजार**

# निवेश पाने में रेसिडेंशियल से पिछड़ा ऑफिस सेगमेंट

**मुंबई, एजेंसी**



इस साल रियल एस्टेट सेक्टर में भी जमकर निवेश हुआ और संस्थागत निवेश रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। संस्थागत निवेश में विदेशी निवेशकों ने ज्यादा रुचि दिखाई है। इस साल डील भी ज्यादा हुई। पहली बार ऑफिस सेगमेंट से भी ज्यादा संस्थागत निवेश रेसिडेंशियल सेक्टर में आया। संपत्ति सलाहकार फर्म जेएलएल इंडिया के मुताबिक, वर्ष 2024 में रियल एस्टेट उद्योग में 8.9 अरब डॉलर यानी 75,000 करोड़ रुपए से अधिक का संस्थागत निवेश आया। यह पिछले साल के निवेश 5.8 अरब डॉलर से 51त्न अधिक है। इससे पहले वर्ष 2007 में 8.4 अरब डॉलर का रेकॉर्ड निवेश हुआ था। इस साल रियल एस्टेट क्षेत्र में 78 सौदे हुए, जो पिछले साल से 47त्न अधिक हैं। आमतौर पर रियल एस्टेट उद्योग में संस्थागत निवेश सबसे अधिक ऑफिस सेक्टर में होता है। लेकिन इस साल पहली बार इस मामले में रेसिडेंशियल ने ऑफिस सेक्टर को पीछे छोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार कुल संस्थागत निवेश में रेसिडेंशियल सेक्टर की सबसे अधिक 45त्न हिस्सेदारी रही। जबकि ऑफिस सेक्टर की हिस्सेदारी 28त्न दर्ज की गई। 23त्न हिस्सेदारी के साथ वेयर हाउसिंग सेक्टर तीसरे स्थान पर रहा। इन वजहों से बढ़ा प्रॉपर्टी में निवेश रिपोर्ट के मुताबिक, मकानों की जबरदस्त बिक्री, भारत के मजबूत आर्थिक विकास (जीडीपी ग्रोथ रेट), राजनीतिक स्थिरता और देश में मौजूद विविध निवेश अवसरों ने भारत को वैश्विक आर्थिक संदर्भ में अनुकूल स्थिति में ला खड़ा किया है। इस साल रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश में सबसे अधिक हिस्सेदारी विदेश निवेश की रही। जेएलएल इंडिया की इस रिपोर्ट के अनुसार, इस साल के कुल संस्थागत निवेश में 63 फीसदी हिस्सा विदेशी निवेशकों का रहा, जबकि 37 फीसदी निवेश घरेलू उद्योग ने किया। विदेशी निवेश में सबसे अधिक निवेश अमरीका से आया। कुल निवेश में अमरीका की हिस्सेदारी 26 फीसदी रही।

# जीवन बीमा पॉलिसी सरेंडर करने पर मिलेगा फंड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी की सरेंडर वैल्यू से जुड़ा नया नियम लागू हो गया है। अब पॉलिसी सरेंडर करने पर बीमाधारकों को पहले की तुलना में ज्यादा पैसे रिफंड में मिलेंगे। इरडा के नए नियमों के मुताबिक, अब लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों को अपनी पॉलिसी पर स्पेशल सरेंडर वैल्यू (एसएसवी) देनी पड़ेगी। साथ ही इंश्योरेंस सरेंडर करने की प्रक्रिया को भी आसान किया गया है, ताकि पसंद नहीं आने पर पॉलिसीहोल्डर्स को इंश्योरेंस प्लान बदलने में आसानी हो।

**उदाहरण से समझें:** माना कि आपने अपने जीवन बीमा का 4 लाख प्रीमियम भर दिया था और 4 साल में पॉलिसी सरेंडर कर दी तो पहले करीब 2.4 लाख ही वापस मिलते, पर अब आपको 4 साल में पॉलिसी सरेंडर करने पर करीब 3.10 लाख रुपए तक वापस मिल सकते हैं।

**पेड-अप सम एश्योर्ड मिलना तय:** नई व्यवस्था के तहत स्पेशल सरेंडर वैल्य मौजूदा पेडअप सम एश्योर्ड के बराबर हो। यदि आपने 10 लाख की कोई पॉलिसी ली है, जो 10 साल में मैच्योर होनी है। यदि सिर्फ 2 साल तक ही चला पाए, तो ऐसे में आप सिर्फ 2 लाख रुपए के सम-एश्योर्ड के हकदार होंगे।

# रातीबड़ में पानी के गड्ढे में डूबकर महिला की मौत

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित छोटी झागरिया इलाके में गुरुवार सुबह पानी के गड्ढे में गिरने से महिला की मौत हो गई। हादसा पानी निकालते समय पैर फिसलने के कारण हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मंजू पारदी पति विधिसिंह पारदी (35) छोटी झागरिया में टपरा बनाकर पति के साथ रहती थी। परिजन ने पुलिस को बताया कि नरेश मालवीय के खेत में सिंचाई के लिए कुआंनुमा गड्ढा खुदा हुआ है। उसमें करीब 9 फीट पानी है। इसी कुएं में लोग पानी लेने जाते हैं। पानी ऊपर होने के कारण ऐसी डिब्बों से पानी निकाल लेते हैं। गुरुवार सुबह आठ बजे के आसपास मंजू घर से पानी लेने के लिए नरेश मालवीय के खेत पर गई थी। वहां से नहीं लौटी। पारदी समाज के अन्य लोग पानी लेने पहुंचे तो उन्होंने कुएं में दो डिब्बे पानी पर पड़े देखे थे। इसके बाद मंजू के परिजन को जानकारी दी। परिजन कुएं पर पहुंचे और मंजू की तलाश की। पानी में उतरने के बाद मंजू की लाश मिल गई। वे उसे घर ले आए। इस दौरान किसी ने बताया कि पुलिस केस है और पुलिस को सूचना देनी पड़ेगी। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।




# निशातपुरा : दो साल के मासूम की छत से गिरने से गई जान

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित सिल्वर कॉलोनी खेजड़ा रोड पर निर्माणाधी डुप्लेक्स की छत पर बच्चों के साथ खेल रहा दो साल का मासूम नीचे गिर गया। परिजन उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। आज शुक्रवार को मासूम का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार कन्हैयालाल पटेल मूलतः सागर जिले के रहने वाले हैं। वे पत्नी और परिवार के साथ सिल्वर कॉलोनी खेजड़ा बरामद में रह रहे हैं। यहां वह पत्नी के साथ निर्माणाधीन डुप्लेक्स में मजदूरी कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर वह पत्नी के साथ मजदूरी कर रहे थे। उनका दो साल का बेटा मोहित पटेल अन्य मजदूरों के बच्चों के साथ छत पर खेल रहा था। खेलते समय वह छत से नीचे गिर गया। बच्चों का शोर सुनकर कन्हैयालाल पटेल की नजर पड़ी तो नीचे मोहित घायल अवस्था में पड़ा नजर आया। वे उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, वहां शाम करीब साढ़े पांच बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। करीब 22 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे सिर सहित शरीर में गंभीर चोट थी।



# रेपिडो चालक ने युवक से की मारपीट, मामला दर्ज



**भोपाल।** टीटी नगर इलाके में एक रेपिडो चालक ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक शुभेंद्र तिवारी (24) मूलतः मऊगंज रीवा का रहने वाला है। फिलहाल वह भारती निकेतन गोविंदपुरा में रहता है और व्यवसाय करता है। गुरुवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे शुभेंद्र पंचानन भवन के पास नाश्ता कर रहा था। उसे जल्दी घर जाना था, इसलिए रेपिडो एप के माध्यम से मोटर सायकिल बुक कर ली। कुछ देर बाद एक बाइक सवार रेपिडो चालक उनके पास पहुंचा। चालक के संदिग्ध लगने के कारण शुभेंद्र ने उसके साथ जाने से मना कर दिया तो रेपिडो चालक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया तो वह धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। उसके बाद शुभेंद्र ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करवाया।

# कलियासोत डैम में कूदकर महिला ने दी थी जान, पति और सास पर मामला दर्ज

## महिला ने पति और सास की प्रताड़ना से दुखी होकर उठाया था कदम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित कलियासोत, तेरह शटर के पास गत 22 नवंबर शुक्रवार सुबह डैम में कूदकर आत्महत्या करने वाली महिला के पति और सास पर पुलिस ने दहेज मृत्यु का मामला दर्ज किया है। परिजन के बयान और मर्ग जांच में यह बात सामने आई कि महिला ने पति और सास की प्रताड़ना से दुखी होकर डैम में कूदकर जान दे दी थी।

पुलिस के अनुसार नेहा पाटिल पिता रोहित पाटिल (24) श्रीराम सपना ब्लॉक, नेताजी हिल्स कोलार में रहती थी और कोलार के निजी अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेट थी। उसकी शादी दो साल पहले ही रोहित पाटिल से हुई थी। रोहित पाटिल भी प्राइवेट काम करता है। दोनों की संतान नहीं है। शुक्रवार 22 नवंबर की सुबह नेहा घर से निकली और कलियासोत स्थित तेरह शटर पहुंच गई। तेरह शटर पहुंचने से पहले उसने अपने परिजन को मोबाइल पर कॉल कर बताया कि वह पति और ससुराल पक्ष से परेशान हो गई है और कलियासोत डैम में कूदकर आत्महत्या कर रही है। सुबह करीब पौने 12 बजे समय नेहा तेरह शटर पर पहुंची। वहां दो युवतियां बैठी हुई थी। युवतियों ने पुलिस को बताया कि नेहा मोबाइल पर किसी से तेज आवाज में बात कर रही थी और डैम में कूदनी की धमकी दे रही थी। उसे पकड़ लिया था। उसने छूटने का प्रयास किया, पर युवतियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। झूमाझटकी में नेहा गिर गई थी। उसने युवतियों से कहा कि मैं डैम में नहीं कूद रही हूं अपने घर जा रही हूं। युवतियों को लगा कि वह मान गई है और उसे छोड़ दिया। कुछ ही पल में नेहा ने डैम की तरफ दौड़ लगाई और छलांग लगा दी थी। युवतियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी।



### परिजन ने लगाए थे आरोप

आत्महत्या से पहले नेहा ने परिजन और रिश्तेदार समेत सहेलियों को मोबाइल पर आत्महत्या की जानकारी दी थी। नेहा का भाई रोशन भुमरकर मौके पर पहुंच गया था। वहां उसने पुलिस को बयान में बताया था कि नेहा का पति रोहित पाटिल और ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित कर रहे थे।

## खुलासा : एएसआई ने पत्नी और साली की पर किए 21 वार

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सिमी अपार्टमेंट में तीन दिसंबर की सुबह मंडला से पहुंचे एएसआई ने अपनी पत्नी और साली की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी एएसआई को मंडला से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस को एएसआई की पत्नी और साली की पीएम रिपोर्ट मिल गई है। पीएम रिपोर्ट में पता चला कि दोनों पर चाकू से 21 वार किए गए थे। इनमें अधिकतर वार कमर के निचले हिस्से में मिले हैं। उल्लेखनीय है कि मंडला जिले में तैनात एएसआई योगेश मरावी ने गत 3 दिसंबर की सुबह अपनी पत्नी विनीता (35) और साली मेघा उइके (30) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मेघा के शरीर पर 14 और विनीता के शरीर पर 7 गहरे घांव हैं। अधिकतर वार कमर के पास और प्राइवेट पार्ट के पास मिले हैं। विनीता ने तलाक के पेपर तैयार कर भेजे थे। यह बात एएसआई को नागवार गुजरी। योगेश का गुस्सा फूट गया था और वह मंडला से प्राइवेट टैक्सी कर भोपाल पहुंचा था। इसके बाद सिमी अपार्टमेंट अपनी पत्नी के घर पहुंचा और वहां नौकरानी के सामने ही पत्नी और साली की बेरहमी से हत्या कर दी थी।

# बुजुर्ग व्यक्ति को बाइक चालक ने मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन इलाके में पैदल जा रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति को बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर वाहन छोड़कर भाग निकला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। हादसे में घायल बुजुर्ग व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक अमित कुमार (39) न्यू अशोका गार्डन में रहते हैं और किराने की दुकान चलाते हैं। सोमवार की शाम करीब पौने सात बजे उनके पिता प्रकाशचंद्र खिलवानी घर के सामने से निकल रहे थे। इसी बीच विवेकानंद पार्क की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार पल्सर बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही प्रकाशचंद्र सड़क पर गिरे तो बाइक चालक भी उनके ऊपर गिर पड़ा। उसके बाद वह बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने टक्कर मारने वाली बाइक जब्त कर ली, जबकि प्रकाशचंद्र को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में पुलिस ने बेटे की रिपोर्ट पर एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया।



## सड़क किनारे खड़ी कार को मारी टक्कर

कटारा हिल्स इलाके में सड़क किनारे खड़ी एक कार को दूसरी कार ने पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक स्मार्ट सिटी कटारा हिल्स में रहने वाले बृजेश रघुवंशी (38) प्रायवेट काम करते हैं। मंगलवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह बर्राई जोड़ बस स्टाप पर सामान लेने के लिए रुके थे। सामान खरीदने से बाद वह सड़क किनारे खड़ी अपनी कार में जाकर बैठे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बृजेश की कार का पिछला कांच, डिग्गी, बम्फर, दाहिने तरफ के दोनों गेट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# दिव्यांग कोच में सवार युवकों के साथ मारपीट

## युवक का कीमती मोबाइल फोन तोड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जीटी एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच में सफर कर रहे दो युवकों के साथ चार बदमाशों ने जबरन मारपीट की और एक युवक का कीमती मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। जीआरपी ने चारों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार अभिषेक सिंह राठौर (20) रसूलपुर जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। गत दिवस वह जीटी एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच में बैठकर नागपुर से आगरा की यात्रा कर रहा था। ट्रेन जब भोपाल रेलवे स्टेशन पर रुकी तो चार युवक कोच में सवार हो गए। करीब पंद्रह मिनट बाद चारों लड़के अभिषेक के साथ गाली-गलौज करने लगे। अभिषेक ने जब इसका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर दी। उसी कोच में सवार दूसरी यात्री युवराज पटवारी ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी लड़कों ने मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने अभिषेक का 38 हजार रुपए का मोबाइल छीनकर पटक दिया, जिससे वह टूट गया। आरोपी उसे ट्रेन से बाहर फेंकने की धमकी देते रहे। विदिशा स्टेशन आने पर पुलिस ने कोच में सवार चारों लड़कों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम नीलेश राय, राजेन्द्र अहिरवार, राहुल अहिरवार और शानू खान सभी निवासी छोटी बजरिया बीना जिला सागर बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, तोडफोड़ और धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# बंसल कालेज में साइबर जागरुकता कार्यक्रम

**भोपाल।** पुलिस अधीक्षक देहात प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर स्कूल और कालेजों में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बिलिखरिया पुलिस ने बंसल कालेज में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कालेज के करीब तीन सौ विद्यार्थियों के साथ ही स्टाफ मौजूद रहा। बिलखिरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी ने सायबर अपराध से बचाव के लिए छात्र-छात्राओं और कॉलेज स्टाफ के साथ संवाद किया। उन्होंने सायबर जालसाजों से बचने और मोबाइल का सही इस्तेमाल करने का तरीका बताया। थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने यातायात के नियमों के बारे में विद्यार्थियों जागरूक किया, जबकि अधिवक्ता मनिन्द्र दुबे ने आईटी एक्ट के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य दामोदर तिवारी, को-ऑर्डिनेटर राजबहादुर समेत बड़ी संख्या में स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महिला का आईफोन समेत एक लाख का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में आगरा से भोपाल की यात्रा कर रही एक महिला का पर्स चोरी हो गया। पर्स के अंदर 70 हजार रुपए का आईफोन और जेवरात समेत एक लाख रुपए से ज्यादा का सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अवधपुरी भोपाल निवासी मंजू सिंह भोपाल एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में आगरा से भोपाल की यात्रा कर रही थी। बीना रेलवे स्टेशन के बाद वह अपनी सीट पर सो गई। उन्होंने अपना लेडीज पर्स सिरहाने रखा हुआ था। कुछ देर बाद उनकी नींद खुली तो सिर के पास रखा लेदर का पर्स नहीं था।

आसपास तलाश किया, लेकिन पर्स नहीं मिला। कुछ देर बाद भोपाल स्टेशन आ गया। चोरी गए पर्स में 70 हजार का आईफोन, एक जोड़ी सोने के कान के टाप्स वजनी करीब दस ग्राम, 4 हजार रुपए नकद, आईफोन का चार्जर समेत अन्य सामान रखा हुआ था। चोरी गए सामान की कुल कीमत एक लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है। इसी प्रकार त्रिवेंद्रम निवासी सबिथा सुलतान (45) पिछले दिनों केरला एक्सप्रेस के एसी कोच में आगरा से तिरुवनंदपुरम की यात्रा कर रही थी। भोपाल रेलवे स्टेशन पर उनका वीवो कंपनी का एक मोबाइल चोरी हो गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मेट्रो एंकर** हमीदिया अस्पताल में इलाज कराने पहुंची महिला मरीज ने की वारदात, केस दर्ज

# इमरजेंसी वार्ड में लेडी डॉक्टर से मारपीट, मुंह भी नोंचा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हमीदिया अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में महिला मरीज व उसके साथ आए दो अटेंडरों ने ड्यूटी पर मौजूद लेडी डॉक्टर से अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। महिला मरीज ने डॉक्टर के मुंह में नोंच दिया और थप्पड़ भी मारे। उसके साथ आए अटेंडरों ने भी महिला डॉक्टर के साथ गाली-गलौज कर झूमाझटकी की है। कोहेफिजा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गर्ल्स हॉस्टल एच ब्लाक गांधी मेडिकल कॉलेज निवासी डॉ. रुचि महाशब्दे पिता प्रशांत महाशब्दे (28) ने अपने साथी डॉ. करुणाकरण व डॉ. आनंद नायक के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मैं गांधी मेडिकल कॉलेज में सर्जरी डिपार्टमेंट में पीजी कर रही हूं। विगत 18 दिसंबर की दोपहर करीब तीन बजे वह इमरजेंसी ड्यूटी पर थी। तभी एक महिला को दो व्यक्ति इलाज के लिए इमरजेंसी में लेकर आए। उस समय डॉ. रुचि महाशब्दे दूसरे मरीज को देख रही थीं। तभी उन दोनों व्यक्तियों के साथ आई महिला ने तेजी से झपटी और रुचि महाशब्दे का चश्मा निकालकर फेंक दिया। वो महिला गाली-गलौज करने लगी और झूमाझटकी कर महिला डॉक्टर का मुंह नोंच डाला। महिला ने रुचि के गाल पर थप्पड़ भी मारे। खुद को बचाने के लिए महिला डॉ क्टर ने महिला को धक्का दिया तो उसके साथ आए अटेंडर भी डॉ. रुचि के साथ अभद्रता कर हाथा-पाई करने लगे। हंगामा होता देख परिसर में मौजूद डॉ. कुणाल, डॉ. आदर्श व डॉ. नम्रता और अन्य स्टॉफ इकट्ठा हो गया। सभी ने बीच-बचाव किया। पूछताछ करने पर स्टाफ को महिला ने अपना नाम तरन्नुम बताया जबकि उसके साथ आए दोनों व्यक्तियों के नाम इम्तियाज व जाकिर बताए गए हैं। स्टॉफ के लोग ही महिला समेत तीनों को कोहेफिजा थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने मारपीट व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## युवक से की मारपीट

जहांगीराबाद इलाके में अज्ञात तीन लड़कों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी जुबेर खान (41) प्रायवेट काम करते हैं। बुधवार की शाम करीब सात बजे वह जिंसी चौकी से एक्सटाल तिराहे की तरफ जा रहे थे। इस दौरान उनकी गाड़ी एक पत्थर से टकरा कर फिसल गई। इससे वहां खड़े एक युवक से उनकी गाड़ी टच हो गई। इसको लेकर दोनों बातचीत कर रहे थे, तभी पास की दुकान पर बैठा एक युवक पहुंचा और जुबेर के साथ गाली-गलौज करने लगा। जुबेर ने उसे गाली देने मना किया तो दो अन्य युवक पहुंचे। इसमें एक ने राड से जुबेर के सिर पर हमला कर दिया, जिससे खून बहने लगा। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# ससुर व साथी ने की महिला से अश्लील हरकत, केस दर्ज

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र में महिला से ससुर और उसके साथी ने अश्लील हरकत कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने उससे मारपीट भी की है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बैरसिया इलाके में रहने वाली 43 वर्षीय महिला अपने पति के साथ भोपाल में रहती है। महिला के पति और ससुर के बीच पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार को सुसर ने अपने बेटे और बहू को बातचीत करने के लिए बुलाया था। महिला और उसके पति खेत पर पहुंचे थे। इस दौरान महिला दूसरे खेत पर पहुंची तो ससुर और उसके साथ मौजूद एक युवक ने उसके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। महिला ने इसका विरोध किया तो दोनों ने अश्लील हरकत करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर, निशातपुरा पुलिस ने इलाके में रहने वाली 29 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पर अवधनारायण के खिलाफ छेड़छाड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी पिछले कई दिनों से महिला का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022